(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)



मैं प्रियंका की जिंदगी के नए चौप्टर...8



हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

मंगलवार, 25 जनवरी 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण www.budhakasandesh.com वर्षः 09 अंकः 37 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## क्या मोदी के खिलाफ विपक्ष को एकजुट कर पाएंगी ममता या अकेले ही देंगी टक्कर

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के बाद ममता बनर्जी अब राष्ट्रीय स्तर की राजनीति में पूरा दमखम लगा रही हैं। तृणमूल कांग्रेस की ओर से ममता बनर्जी को अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टक्कर की नेता के तौर पर पेश किया जा रहा है और उन्हें 2024 के चुनाव में एक विकल्प के तौर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। ममता बनर्जी भी फिलहाल विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश कर रही हैं। इसके साथ ही वह विभिन्न प्रदेशों में पार्टी का विस्तार भी कर रही हैं। हाल में ही इंडिया टुडे का मूड ऑफ नेशन सर्वे आया था। सर्वे के मुताबिक देश के 17 फीसदी लोगों का मानना है कि भाजपा के खिलाफ गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए ममता बनर्जी सबसे अच्छा विकल्प हैं। इसके अलावा 16 फीसदी लोग अरविंद केजरीवाल के भी पक्ष में हैं। सिर्फ 11 फीसदी लोगों का ही मानना है कि राहुल गांधी विपक्ष का नेतृत्व कर सकते हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या भाजपा के खिलाफ विपक्ष को ममता बनर्जी एकजुट कर सकती हैं या फिर वह अकेले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टक्कर देंगी? ममता बनर्जी भी सीधे अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ही सवाल करती हैं। ममता बनर्जी ने विपक्षी एकजुटता के लिए हाल में ही दिल्ली में कई बड़े नेताओं से मुलाकात की थी। इसके अलावा वह देश के



वरिष्ठतम नेताओं में से एक शरद पवार को भी साधने की कोशिश कर रही हैं। पिछले महीने उन्होंने मुंबई दौरे के दौरान शरद पवार के साथ–साथ शिवसेना के नेताओं से भी मुलाकात की थी। हालांकि ममता बनर्जी मुंबई में ही यूपीए के अस्तित्व पर सवाल उठते हो उठाते हुए कांग्रेस के बगैर ही एक नए गठबंधन की ओर भी इशारा कर दिया था। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने के बाद ममता बनर्जी का ग्राफ राष्ट्रीय स्तर पर काफी तेजी से बढ़ा है। लेकिन ममता बनर्जी के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह भी है कि क्या वह सभी को एक साथ कर सकती हैं? इतना ही नहीं, ममता के लिए कांग्रेस को भी साथ लाना बेहद जरूरी है। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या ममता राहुल के नेतृत्व में आगे बढ़ेंगी या कांग्रेस ममता के नेतृत्व को स्वीकार करेगी? इतना ही नहीं, पश्चिम बंगाल में ममता की धुर विरोधी पार्टी सीपीआई क्या उनका समर्थन करेगी? आपको यह जानना भी जरूरी है कि ममता बनर्जी की राजनीति सीपीआई के विरोध पर ही शुरू हुई थी। लेकिन यह असंभव नहीं है। 1989 में वीपी सिंह भी विपक्ष को एकजुट करने में कामयाब हुए थे। उनके गठबंधन में लेफ्ट से लेकर भाजपा तक शामिल थी। ममता बनर्जी प्रखंड नेता हैं। लेकिन यह बात भी सच है कि तृणमूल कांग्रेस का बंगाल के अलावा किसी अन्य राज्य में संगठन नहीं है। पार्टी की ओर से त्रिपुरा में संगठन मजबूत किया जा रहा है लेकिन वहां लोकसभा के सिर्फ दो ही सीटें हैं। गोवा विधानसभा चुनाव में भी तृणमूल कांग्रेस पूरा दमखम लगा रही हैं लेकिन पार्टी को वहां कुछ खास विशेष लाभ होता दिखाई नहीं दे रहा है। कांग्रेस के खिलाफ जिस तरीके से ममता बनर्जी हमलावर है उससे साफ यह लग रहा है कि वह कांग्रेस के बगैर ही राष्ट्रीय राजनीति में आगे बढ़ना चाहती हैं। ममता बनर्जी के रिश्ते लालू प्रसाद यादव, अखिलेश यादव, शरद पवार और अरविंद केजरीवाल से अच्छे हैं। ऐसे में यह दल ममता बनर्जी को समर्थन तो दे सकते हैं। लेकिन क्या उनके नेतृत्व को स्वीकार करेंगे यह बड़ी बात है।

## कोरोना महामारी के बीच पाकिस्तान ने शुरू किया पोलियो रोधी अभियान

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी अधिकारियों ने देश में कोविड–19 के बढ़ रहे मामलों के बावजूद सोमवार को इस साल पहला



राष्ट्रव्यापी पोलियो रोधी अभियान शुरू किया। पोलियो कार्यक्रम के संयोजक शहजाद बेग द्वारा जारी बयान के मुताबिक, पांच दिनों तक चलने वाले पोलियो रोधी अभियान में करीब डेढ़ लाख स्वास्थ्य कर्मी हिस्सा ले रहे हैं और इस दौरान पांच साल से कम उम्र के 2.24 करोड़ बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि पिछला पोलियो रोधी अभियान कई हफ्ते पहले कोविड–19 के मामलों में कमी आने के बाद शुरू किया गया था। अधिकारियों को उम्मीद है कि नवीनतम अभियान से देश को पोलियो मुक्त बनाने में मदद मिलेगी। पाकिस्तान में पिछले साल पोलियो का एकमात्र मामला दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में आया था। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान दुनिया के मात्र दो देश हैं, जहां पर पोलियो बीमारी है और बच्चे अपंग हो रहे हैं।

## अमरिंदर का बड़ा खुलासा- इमरान ने संदेश भेजकर सिद्धू को वापस मंत्री बनाने के लिए कहा था

पंजाब विधानसभा चुनावों से पहले पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन



अमरिंदर सिंह ने दावा किया है कि जब उन्होंने नवजोत सिंह सिद्धू को मंत्री पद से हटा दिया था तो पाकिस्तान से उन्हें एक संदेश आया कि वहां के प्रधानमंत्री ने निवेदन किया है कि अगर आप नवजोत सिंह सिद्धू को अपने मंत्रिमंडल में रखना चाहते हैं तो मैं इसका आभारी रहूंगा। इस संदेश में कहा गया कि सिद्धू अगर काम नहीं करें तो उन्हें निकाल देना। हम आपको बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब लोक कांग्रेस के मुखिया कैप्टन अमरिंदर सिंह ने यह खुलासा भाजपा मुख्यालय में किया। अमरिंदर पहले भी सिद्धू को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बता चुके हैं। हम आपको बता दें कि पंजाब की सुरक्षा को बड़ा मुद्दा बनाकर अमरिंदर सिंह भाजपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ रहे हैं। पंजाब विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 65 सीटों पर जबकि पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली पंजाब लोक कांग्रेस 37 और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा नीत शिरोमणि अकाली दल (संयुक्त) 15 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। इस अवसर पर नड्डा ने कहा कि पंजाब का चुनाव सिर्फ सरकार बदलने का चुनाव नहीं है यह राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। संवाददाता सम्मेलन के बाद भाजपा मुख्यालय में गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ पंजाब लोक कांग्रेस के कैप्टन अमरिंदर सिंह और संयुक्त अकाली दल के सुखदेव सिंह ढींढसा ने संयुक्त रूप से तस्वीरें भी खिंचवाईं।

## प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा के मुद्दे से जुड़ी याचिका पर अदालत 20 अप्रैल को करेगी सुनवाई

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय प्रधानमंत्री की सुरक्षा से संबंधित एक जनहित याचिका पर 30 अप्रैल को सुनवाई करेगा। अदालत ने उच्चतम न्यायालय में इससे जुड़े मुद्दों के लंबित होने के मद्देनजर सोमवार को यह फैसला लिया। याचिका में मांग की गई थी कि प्रधानमंत्री और उनके परिवार के सदस्यों की सुरक्षा के मामले में असैन्य, सैन्य समेत सभी प्राधिकार विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) की निगरानी में काम करें। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने कहा कि वह केंद्र से इस जनहित याचिकाको एक अभिवेदन के तौर पर मानने के लिए कहेगी। याचिकाकर्ता आशीष कुमार की ओर से पेश अधिवक्ता वी गोविंद रमणन ने कहा कि यह विशेषकर



कानून से जुड़ा सवाल है कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा के मामले में जिम्मेदारी एसपीजी के पास होनी चाहिए और वह गृह मंत्रालय के समक्ष इस बाबत पहले ही अभिवेदन दे चुके हैं। केंद्र सरकार के अधिवक्ता अमित महाजन ने अदालत को सूचित किया कि उच्चतम न्यायालय इस विषय से जुड़े मुद्दों पर पहले ही विचार कर रहा है। इस पर पीठ ने पीआईएल पर सुनवाई स्थगित कर दी और कहा कि शीर्ष अदालत निर्देश दे चुका है और उसके द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है। गत पांच जनवरी को प्रधानमंत्री का काफिला पंजाब के फिरोजपुर में प्रदर्शनकारियों के अवरोध उत्पन्न करने पर एक फ्लाईओवर पर फंस गया था। 12 जनवरी को न्यायालय ने इस मामले की गहन जांच की मांग करने वाली याचिका पर शीर्ष अदालत की एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति का गठन किया था। उच्च न्यायालय में दायर याचिका में कहा गया कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा का विषय राज्यों के विवेक पर नहीं छोड़ा जा सकता है और उनकी सुरक्षा के मामलों की पूरी जिम्मेदारी एसपीजी की होनी चाहिए।

## उत्तराखंड में युवा वोटर्स को लुभाने में जुटी पार्टियां, बेरोजगारी को देखते हुए नौकरी देने का कर रही वादा

युवाओं के वोट पर नजर रखते हुए उत्तराखंड में सभी पार्टियां लोगों को लाखों नौकरी का वादा कर रही हैं, हालांकि उनमें से किसी ने भी कोई रोडमैप या कोई संकेत नहीं दिया है कि नई



नौकरियां कैसे और कहां से दी जाएंगी। आगामी विधानसभा चुनाव में दावेदारी पेश करने वाली तीनों पार्टियां– भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी– युवा वोटर्स को रोजगार के वादे से लुभाने की कोशिश कर रही है। बता दें कि, देश के लिए बढ़ती रोजगार चिंता का विषय बनती जा रही है।बता दें कि, हिमालयी राज्य की तो लगभग 50 प्रतिशत मतदाता 18–40 वर्ष के आयु वर्ग के हैं। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ों के मुताबिक, उत्तराखंड में काम करने की उम्र में जहां पिछले पांच सालों में 14 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, वहीं दिसंबर 2021 में राज्य में रोजगार की दर घटकर 30.43 फीसदी हो गई, जो दिसंबर 2016 में 40.10 फीसदी थी।देहरादून के राजनीतिक विश्लेषक जय सिंह रावत के मुताबिक, 18–40 आयु वर्ग के युवा राज्य में मतदाताओं का लगभग आधा हिस्सा हैं। जो पार्टी उनका विश्वास जीतने में सफल होगी।उत्तराखंड के युवा लंबे समय से बेरोजगारी से गुजर रहे है। क्या भाजपा युवाओं का जीत पाएगी दिलः 46 वर्षीय पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने राज्य के युवाओं को लाखों नौकरियां देने का दावा किया है और सत्ता में लौटने पर और अधिक का वादा कर रही है। पार्टी नेताओं ने कहा कि युवाओं को भाजपा द्वारा उचित महत्व दिया जाता है और जल्द ही जारी होने वाला पार्टी का चुनावी घोषणा पत्र में नौकरी की जिक्र भी किया जाएगा। क्या कहती है कांग्रेस और आप पार्टीः कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर पिछले पांच वर्षों में मुख्यमंत्रियों को बदलने के अलावा कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा, "भाजपा ने बहुत वादा किया लेकिन कुछ भी नहीं किया।

## विशेष राज्य की दर्जे की मांग को लेकर बिहार में भाजपा और जदयू आमने-सामने, ललन सिंह और संजय जायसवाल के बीच जुबानी जंग

कड़ाके की ठंड में भी राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। बिहार में जदयू और भाजपा गठबंधन वाली डबल इंजन की सरकार है। दोनों दलों में पिछले कई दिनों से सब कुछ ठीक–ठाक चलता दिखाई नहीं दे रहा है। दोनों ही दल किसी ना किसी मुद्दे को लेकर आमने–सामने दिखाई दे रहे हैं और नेताओं के बीच जुबानी जंग भी हो रहा है। हालांकि, नीतीश कुमार चुप हैं। अब विशेष राज्य की दर्जा की मांग को लेकर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह और बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल आमने–सामने हैं। जदयू की ओर से लगातार बिहार के लिए विशेष



बिहार में राज्य के दर्जे की मांग की जा रही है जबकि भाजपा इसे खारिज कर रही है। हाल में ही प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा कि ऐसे कई राज्य हैं जो इस तरह की मांग कर रहे हैं। लेकिन ऐसा कोई प्रावधान ही नहीं रहा है। विशेष सहायता देने का फैसला भी राष्ट्रीय विकास परिषद करती है। उन्होंने कहा कि जिन–जिन मुख्यमंत्रियों ने इस तरह के पैकेज की मांग की है वह सभी प्रधानमंत्री से मिले हैं। इसके साथ ही संजय जायसवाल ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री इस तरह का डेलिगेशन बनाकर प्रधानमंत्री से मुलाकात करते हैं तो वह भी उसमें शामिल होना चाहेंगे। हालांकि, जयसवाल ने यह भी कह दिया कि अगर बिहार को विशेष पैकेज मिलता है तो वह राज्य के लिए अच्छा होगा। वहीं, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा कि हम लोग विशेष राज्य की मांग इसलिए कर रहे हैं ताकि यही राज्य के हित में है। उन्होंने कहा कि संसाधन के अभाव में भी बिहार का विकास दर पिछले कई वर्षों से 2 अंकों में है। ललन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। विकास दर को हमने बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि अभी नीति आयोग की रिपोर्ट आई है जिसमें यह भी कहा गया है कि हम कई क्षेत्रों में पीछे हैं। ललन सिंह ने कहा कि अगर हम कई क्षेत्रों में पीछे हैं तो हमें विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा तब तक हम कैसे आगे बढ़ेंगे। हम अपने संसाधनों के बल पर आगे बढ़ रहे हैं। अपने ट्वीट में ललन सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार से बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग बिहारवासी कोई भीख या कर्जा में नहीं मांग रहे हैं, बल्कि अपना हक मांग रहे हैं। बिहारवासियों के हक की आवाज हमलोग सड़क से सदन तक उठाते रहेंगे।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार कोरोना वायरस से संक्रमित

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को बताया कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने ट्वीट किया, '' मैं कोरोना वायरस से संक्रमित हो गया हूं, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। मैं, मेरे चिकित्सक की सलाह का पालन कर रहा हूं।'' पवार (81) ने कहा, '' मैं, पिछले कुछ दिनों में मेरे सम्पर्क में आए, सभी लोगों से जांच कराने और पूरी एहतियात बरतने की अपील करता हूं।'' महाराष्ट्र की शिवसेना नीत महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार का हिस्सा राकांपा और कांग्रेस भी हैं।




## अखिलेश बोले पाकिस्तान हमारा असली नहीं राजनीतिक दुश्मन है, भड़की बीजेपी ने किया पलटवार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के प्रचार में एक बार फिर जिन्ना ने एंट्री ली है। पहले भी कई बार जिन्ना की तारीफ कर चुके समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अब एक समाचार–पत्र को दिये साक्षात्कार में भाजपा पर आरोप लगाया है कि वोटों की खातिर ही वह पाकिस्तान को निशाना बनाती है जबकि भारत का असली दुश्मन चीन है। अखिलेश यादव ने कहा है कि डॉक्टर राम मनोहर लोहिया और नेताजी मुलायम सिंह यादव की भी यही राय रही है कि चीन हमारा असली दुश्मन है जबकि पाकिस्तान हमारा राजनीतिक दुश्मन है। अखिलेश ने आरोप लगाया है कि भाजपा वोटों की राजनीति के लिए ही पाकिस्तान को निशाना बनाती है। अखिलेश यादव के इस आरोप पर पलटवार करते हुए भाजपा ने कहा है कि एक तरफ जहां पूरा देश उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस मना रहा है



वहीं अखिलेश यादव कह रहे हैं कि पाकिस्तान हिन्दुस्तान का असली दुश्मन नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने तो यहां तक आरोप लगा दिया कि जो जिन्ना से करे प्यार वो पाकिस्तान से कैसे करे इंकार। संबित पात्रा ने कहा कि अखिलेश यादव अपने प्रत्याशियों की अगली सूची नहीं जारी कर पा रहे हैं क्योंकि पहली सूची की तरह ही उसमे भी गुंडे और माफियाओं की भरमार है। उन्होंने आरोप लगाया कि वो दंगाइयों को टिकट दे रहे हैं। पात्रा ने कहा कि शुक्र है कि याकूब मेनन को फांसी दे दी गई है नहीं तो अखिलेश जी उन्हें भी देशभक्त बताकर दंगाई नाहिद हसन की तरह ही अपना प्रत्याशी बना देते। संबित पात्रा ने कहा कि आज अखिलेश जी को ओपीनियन पोल पर आपत्ति है, वो बोल रहे हैं कि ओपीनियन पोल पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि मैं दावे से कह सकता हूं कि 10 मार्च को वो ईवीएम पर भी बरसेंगे जैसे आज ओपीनियन पोल पर बरस रहे हैं। इस बीच आज नयी दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हो रही है। इस बैठक में भाग लेने के लिए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह तथा अन्य पार्टी नेता पहुँचे। माना जा रहा है कि आज की बैठक में सहयोगी दलों को दी गयी सीटों के नामों पर तो मुहर लगेगी ही साथ ही बाकी बचे उम्मीदवारों के नामों का ऐलान भी हो सकता है।

## उप जिलाधिकारी ने मतदाताओं के बीच जाकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की

करनैलगंज(गोंडा) ।बीते लोकसभा, विधानसभा व पंचायत चुनाव के दौरान सबसे कम मतदान वाले मतदान केंद्रों एवं गांवों में उप जिलाधिकारी ने मतदाताओं के बीच जाकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। तथा उन्हें मतदाता होने के प्रति जागरूक किया। उप जिलाधिकारी हीरालाल ने बताया कि 2017 के विधानसभा, 2019 के लोकसभा चुनाव व विगत पंचायत चुनाव में जहां सबसे कम मतदान हुआ था। उन गांवों को चिन्हित किया गया है। वहां के मतदाताओं से बातचीत करके उनको मोटीवेट किया जा रहा है। एसडीएम द्वारा लोगों से अधिक से अधिक मतदान की अपील की गई।

## बिना विकास कार्य कराये ही ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान करने के मामले ने पकड़ा तूल

करनैलगंज(गोंडा) ।बिना विकास कार्य कराये ही ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान करने का मामले ने तूल पकड़ किया है। सीडीओ ने जांच के लिए नामित अधिकारी डीपीआरओ से जांच कराकर एक सप्ताह में आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मुख्य विकास अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र भेजा है। जिसमे कहा गया है कि विकास खंड करनैलगंज अंतर्गत ग्राम बुढवलिया निवासी विनय मौर्य ने पत्र प्रेषित कर ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये विकास कार्यो की जांच कराने का अनुरोध किया था। जिसमे अधिशाषी अभियंता गुण नियंत्रण खण्ड को जांच अधिकारी नामित करते हुये प्रकरण की जांच कर आख्या प्रस्तुत कराने का निर्देश दिया गया था। मगर जांच अधिकारी द्वारा अभी तक शिकायती तथ्यों की जांच नही की गई है। प्रकरण की जांच करके कार्रवाई कराने की मांग पुनः की गई है। सीडीओ ने प्रकरण में नामित जांच अधिकारी से एक सप्ताह में जांच कराकर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिया है।

## 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने के लिए दिया फार्म

करनैलगंज(गोंडा) ।80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने के लिए दिया जाने वाला फार्म पहुंचाने का कार्य शुरू हो गया है। सभी सुपरवाइजरों एवं बूथ लेवल ऑफिसरो को फार्म 12 डी भरकर जमा कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। उप जिलाधिकारी हीरालाल ने बताया कि 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओ के बारे में फार्म 12 डी भरने व सहमति प्राप्त करने के लिए बीएलओ व सुपर वाइजर को निर्देश दिए गए।

## चकमार्ग के साथ निजी भूमि में सड़क की पटाई कराने का आरोप

करनैलगंज(गोंडा) ।ग्राम प्रधान व उनके प्रतिनिधि पर चकमार्ग के साथ निजी भूमि में सड़क की पटाई कराने का आरोप लगाते हुए किसान ने अधिकारियों से शिकायत की है। प्रकरण विकास खंड करनैलगंज अंतर्गत ग्राम चंगेरिया के मजरा दत्ते जानकी पुरवा से जुड़ा है। यहां के निवासी सूर्यदेव दूबे ने जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी को बारी बारी से प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमे कहा गया है कि उसके खेत मे हरी भरी फसल लगी थी। उसी के बगल चकमार्ग है, जिसकी ग्राम प्रधान व उनके प्रतिनिधि श्रमिकों के साथ पहुंचे और खेत में लगी हरी भरी फसल खोदकर पटाई करने लगे। आरोप है कि उसने फसल खोदने से मना किया तो चकमार्ग के साथ उसके नाम दर्ज कागजात खेत में भी सड़क की पटाई करवाने लगे। यही नही गाली देते हुई जान से मार देने की धमकी भी दिये।

## पूर्व कृषि निदेशक ने जनमानस को बांटे कंबल हो रही सराहना

शिवदयालगंज गोंडा (आरएनएस )। क्षेत्र के मैनपुर ग्राम सभा में पूर्व कृषि निदेशक कामता प्रसाद द्विवेदी ने क्षेत्र के गरीबों में बांटे कंबल व मास्क कड़कड़ाती ठंड मे हर मानव को आसपास मदद करनी चाहिए पूर्व कृषि निदेशक का काम अनुकरणीय प्रधान दुर्गाप्रसाद सिंह ने किया आभार। कड़कड़ाती ठंड मे गरीबो को के मदद को संभ्रांत लोगों को आगे आकर उनकी सेवा करना चाहिए जरुरतमंदों की मदद करने के पूर्व कृषि निदेशक कामता प्रसाद द्विवेदी ने अपने गांव सभा मे जरुरतमंदों को मास्क व कंबल वितरण किया इस मौके पर सभी को अनुशासन का भी पाठ पढ़ाया पूर्व कृषि निदेशक के काम की गांव मे सरहाना हो रही है वही प्रधान गांव प्रधान दुर्गा प्रसाद सिंह ने समाजसेवी व संभ्रांत लोगों को आगे आकर हाथ बढ़ना चाहिए इस मौके पर क्षेत्र के 200 लोगों को कंबल व मास्क वितरण किया गया।

## मानक अनुरूप कार्डधारकों को राशन न देने वाले कोटेदार जिला प्रशासन के राडार पर, दो कोटेदार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

गोण्डा(आरएनएस ) ।सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी करने व वितरण में गड़बड़ी करने वाले कोटेदार डीएम मार्कण्डेय शाही के राडार पर आ गए हैं। तहसील करनैलगंज में 22 जनवरी को संदिग्ध अवस्था में पकड़े गये खाद्यान्न मामले में डीएम के आदेश पर ग्राम पंचायत सरैया विकास खण्ड करनैलगंज के कोटेदार विजय बहादुर तिवारी उनके साले बचन्नू तथा ट्रैक्टर ड्राइवर जय नरायन पुत्र दुर्गा प्रसाद तिवारी के विरूद्ध खाद्यान्न कालाबाजारी के आरोप में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत एफआईआर दर्ज कराकर अनुबन्ध निरस्त करने की संस्तुति की गई है। वहीं थाना खरगूपुर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत भरिया लबेदपुर के कोटेदार साबिर हुसैन द्वारा खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी करने पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिलाधिकारी शाही ने बताया कि तहसील करनैलगंज में सरकारी राशन की कालाबाजारी की सूचना पर तहसीलदार करनैलगंज द्वारा एक ट्रैक्टर ट्राली यूपी 43 एक्यू 4234 की चेकिंग की गई तो ट्रैक्टर ट्राली के चालक जय नारायण ने खाद्यान्न की बोरियों के सम्बन्ध में बताया कि उक्त राशन ग्राम पंचायत सरैया के कोटेदार विजय बहादुर तिवारी के घर से तीस बोरी धान व 40 बोरी चावल लेकर ट्रैक्टर व ट्राली से सूरज शुक्ला निवासी करनैलगंज के यहाँ ले जा रहा था। चालक द्वारा बताया गया कि खाद्यान्न लेकर जाने के लिए बचन्नू शुक्ला ने कहा था, जो कोटेदार के रिश्ते से साले लगते हैं और कोटेदार के यहाँ ही रहते हैं तथा उक्त ट्रैक्टर कोटेदार विजय बहादुर तिवारी का ही है।

## पूर्व चेयरमैन तारादेवी की मनायी पुण्यतिथि

गोसाईगंज–अयोध्या(आरएनएस)। गोसाईगंज नगर पंचायत की तीन बार चेयरमैन रही पूर्व चेयरमैन तारादेवी जायसवाल की पुण्यतिथि उनके आवास सुभाष सदन पर मनाई गयी ।कार्यक्रम के तहत सुबह शांति हवन के पश्चात उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। पुष्पांजलि अर्पित करने के दौरान उनके साथ सभासद रहे अनिलकुमार गुप्ता ने उनके साथ बिताये क्षणों को याद करते हुए कहाकि पूर्व चेयरमैन एक बहुत ही मिलनसार महिला थी। उनके अंदर निर्णय लेने की अभूतपूर्व क्षमता थी। उन्होंने गोसाईगंज के विकास के लिए एक सपना देखा था ।उनका सपना था कि हर चेहरे पर मुस्कान हो ।वरिष्ठ सभासद रामकुमार सोनी ने कहाकि पूर्व चेयरमैन हमेशा अपने साथ सबको लेकर चलने में विश्वास रखती थी। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वे अनवरत तीन बार चुनाव जीत कर गोसाईगंज के इतिहास में रिकार्ड दर्ज किया था। आज उनके सपनो को उनकी पुत्रबधू डा0विजयलक्ष्मी व पुत्र शेखर जायसवाल पूरा करने में लगे हुए है ।मालूम हो कि उनके पति सुभाष जायसवाल भी नगर पंचायत के अध्यक्ष थे। जिनकी हत्या आताताइयो ने नगर पंचायत के गेट पर कर दिया था। उनके मौत के बाद तारादेवी जायसवाल जनता की मांग पर नगर पंचायत के मध्यावधि चुनाव में उतरी और निर्विरोध चुनाव जीत दर्ज की थी ।उसके बाद दो बार और जीती थी ।वे निरंकारी मंडल की प्रमुख वक्ता भी रही है। उनकी मृत्यु23जनवरी 2020 को हो गयी। इसी के साथ आजाद हिन्द फौज के संस्थापक व आजादी में जमकर अंग्रेजो से लोहा लेने वाले क्रातिकारी सुभासचन्द्र बोस की भी जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गयी। उक्त अवसर पर ओमप्रकाश सोनी,ध्रुव गुप्ता,बंशीधर गुप्ता, बजरंग चौरसिया,कुलदीप तिवारी,जनार्दन गुप्ता,मंडल अध्यक्ष अशोक वर्मा,राजेश अँगियार सहित तमाम लोग मौजूद रहकर अपनी पुष्पांजलि अर्पित किया।

## समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थापित किये गये हाईमास्ट बैलून

बहराइच ।विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 के मतदान में शत–प्रतिशत मतदाओं की सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के निर्देश पर मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) अन्तर्गत जनपद की सातों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में हाईमास्ट बैलून स्थापित किये गये है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थापित किये गये हाईमास्ट बैलून जिले के मतदाताओं को याद दिलाते रहेंगे कि उन्हें लोकतन्त्र के महापर्व के अवसर पर 27 फरवरी 2022 को अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। कलेक्ट्रेट प्रांगण में स्थापित किये गये मतदाता जागरूकता हाईमास्ट बैलून को जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी केशव कुमार चौधरी के साथ हवा में छोड़ा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज, अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुँवर ज्ञानंजय सिंह व उप जिलाधिकारी सदर सौरभ गंगवार आईएएस मौजूद रहे। हाईमास्ट बैलून स्थापना के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने जनपद के समस्त मतदाताओं से अपील की है कि आने वाली 27 फरवरी 2022 को कोविड–19 के सुरक्षात्मक प्रोटोकाल का पालन करते हुए मतदान केन्द्रों पर आकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि 31 जनवरी 2022 तक जनपद के शत–प्रतिशत लोगों का टीकाकरण हो जाये ताकि मतदान के लिए आने वाले मतदाताओं के पास वैक्सीनेशन का सुरक्षा कवच भी उपलब्ध रहे। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा दिव्यांगजन व बुजुर्गजन मतदाताओं के लिए बैलेट मतदान की व्यवस्था की गयी है ताकि ऐसे माजूर लोग भी अपनी शारीरिक मजबूरियों के कारण मतदान से वंचित न रहने पायें। डीएम डॉ. चन्द्र ने मीडिया के माध्यम से भी जनपदवासियों से शत–प्रतिशत मतदान की अपील की है।

## डॉ. आलोक कुमार सिंह सचिव मनोनीत

अयोध्या(आरएनएस)। नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र एसोसिएशन को क्रियाशील करने हेतु सहायक अध्यापक फसल कार्यिकी विभाग डा आलोक कुमार सिंह को सचिव मनोनीत किया गया है। एसोसिएशन के सदस्यों ने उनके मनोनयन का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। नये सदस्यों जोड़ने व एसोसिएशन के नवीनीकरण की जिम्मेदारी उन्हें सौपी गयी है। यह निर्णय पूर्व छात्र एसोसिएशन की समान्य सभा की बैठक में लिया गया। जिसमें 18 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता डा अरविंद कुमार सिंह अध्यक्ष पूर्व छात्र एसोसिएशन ने किया। डा आलोक कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व छात्रों से आनलाईन तथा आफलाईन के माध्यम से सम्पर्क किया जायेगा। ज्यादा से ज्यादा पूर्व छात्रों को जोड़ने की तैयारी की गयी है। इसे अभियान के रुप में 20 फरवरी तक चलाया जायेगा। इसके बाद 25 फरवरी या किसी तिथि में वृहद स्तर पर समागम का आयोजन भी किया जायेगा बैठक में डा वेद प्रकाश, डा नवाज अहमद खान, डा शम्भू प्रसाद, डा आलोक कुमार सिंह, प्रो प्रतिभा सिंह, डा आनन्द कुमार पाण्डेय, अंकित सिंह, डा जीसी यादव, केके सिंह, डा उमेश चन्द्र, डा रमेश प्रताप सिंह, डा भानू प्रताप, डा प्रवीण कुमार मौर्या, डा ज्योति सरोज, डा स्नेहा सिंह, डा सुरेश कमार, डा आरएन रावत, डा एके सिंह उपस्थित रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष का किया गया स्वागत

अयोध्या(आरएनएस)। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह का दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर पार्टी कार्यालय में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। भाजपा नेता सुनील तिवारी शास्त्री के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने माल्यापर्ण करके उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान लोगो को मिठाई वितरित की गयी। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि कोविड काल को देखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह का कार्यकाल काफी चुनौती पूर्ण रहा। हर जरुरतमंद से सम्पर्क करके उसकी आवश्यकताओं की यथा सम्भव पूर्ति करना पार्टी की उपलब्धियों में शामिल रहा। कोविड की पहली लहर हो या दूसरी अपने जीवन की परवाह किये बगैर पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता आम जनता के बीच रहे। गरीबों को भोजन व कच्चा राशन उपलब्ध कराया गया। प्रवासी मजदूरों के लिए भोजन, चप्पल के साथ बच्चों को दूध भी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उपलब्ध कराया। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि के भाव के साथ पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज कराता है। पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता के सामूहिक प्रयास के कारण भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। बधाई देने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष कमलाशंकर पाण्डेय, जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय, अशोक कसौधन, राधेश्याम त्यागी, मनोज वर्मा, नीरज श्रीवास्तव रिंकू, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, परमानंद मिश्रा, शैलेन्दर कोरी, दिवाकर सिंह, राजेश सिंह, बब्लू मिश्रा मौजूद रहे।

## रोड शो, पद यात्रा, साइकिल,बाइक,वाहन रैली तथा जुलूस 31 जनवरी तक रहेंगे प्रतिबन्धित

बहराइच ।जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोग द्वारा कोविड महामारी की वर्तमान एवं अनुमानित स्थिति, वैक्सिनेशन आदि विन्दुओं पर निर्देश दिये गये हैं कि रोड शो पदयात्रा, साइकिलध्बाइकध्वाहन रैली तथा जुलूस 31 जनवरी, 2022 तक प्रतिबन्धित रहेंगे।

जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने बताया कि आयोग द्वारा दी गयी व्यवस्था के अनुसार प्रथम चरण में निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची 27 जनवरी, 2022 को अन्तिम हो जायेगी। वहॉ पर 23 जनवरी, 2022 से 08 फरवरी, 2022 तक राजनैतिक दलों एवं निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों को अधिकतम 500 व्यक्तियों अथवा मैदान की क्षमता के 50 प्रतिशत अथवा राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा नियत सीमा जो कम हो. तक भौतिक रूप से मीटिंग्स की अनुमति प्रदान की गई है। इसी प्रकार द्वितीय चरण में निर्वाचन लडने वाले उम्मीदवारों की सूची 31 जनवरी, 2022 को अन्तिम हो जायेगी। वहॉ पर 01 फरवरी, 2022 से 12 फरवरी 2022 तक राजनैतिक दलों एवं निर्वाचन लडने वाले उम्मीदवारों को अधिकतम 500 व्यक्तियों अथवा मैदान की क्षमता के 50 प्रतिशत अथवा राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा नियत सीमा जो कम हो, तक भौतिक रूप से मीटिंग्स की अनुमति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने बताया कि आयोग द्वारा डोर–टू–डोर कैम्पेन की सीमा में वृद्धि कर दी गई है। अब डोर–दु–डोर कैम्पेन के तहत 05 व्यक्तियों के स्थान पर 10 व्यक्तियों के साथ (सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर) प्रचार किया जा सकता है। वीडियो वैन के साथ खुली जगह में कोविड मानकों का अनुसरण करते हुए, जगह की क्षमता का 50 प्रतिशत अथवा 500 व्यक्ति अथवा राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा नियत सीमा जो कम हो, प्रचार–प्रसार किया जा सकता है बशर्ते जन साधारण को और ट्रैफिक के आवागमन के सम्बन्ध में कोई असुविधा न हो।

डीएम डॉ. चन्द्र ने बताया कि आयोग द्वारा राजनैतिक दलों हेतु अधिकतम 500 व्यक्तियों अथवा हाल की क्षमता के 50 प्रतिशत अथवा राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण (एसडीएमए) द्वारा अनुमन्य सीमा के अन्तर्गत इन्डोर मीटिंग की अनुमति पूर्व में ही प्रदान की जा चुकी है, जो जारी रहेगी। डॉ. चन्द्र ने बताया कि आयोग द्वारा राजनैतिक दलों से कोविड अनुरूप व्यवहार एवं निर्वाचन सम्बन्धी समस्त गतिविधियों के दौरान आदर्श आचार संहिता के समस्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्तिच कराये जाने की अपेक्षा की गई है।

आयोग द्वारा यह भी व्यवस्था दी गयी है कि जिला निर्वाचन अधिकारी का दायित्व होगा कि वे अपने क्षेत्र में खुले मैदानों का चिन्हांकन सुनिश्चित कर प्रचार–प्रसार हेतु उन्हें पूर्व से ही नोटीफाई कर दें। आयोग द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि 08 जनवरी, 2022 को निर्गत रिवाईज्ड बोर्ड गाईडलाइन्स फॉर कन्डक्ट ऑफ इलेक्शन–2022 में उल्लिखित अन्य निर्देश यथावत् लागू रहेंगे। डीएम चन्द्र ने बताया कि आयोग द्वारा निर्गत उक्त निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

## कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित हुई गोष्ठी

अयोध्या(आरएनएस)। नेताजी सुभाष चंद्र की जयंती पर कांग्रेस जनों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया। इस अवसर पर रिकाबगंज स्थित कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता अयोध्या विधानसभा प्रभारी दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री अनूप नाग ने की तथा संचालन महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने किया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए अनूप नाग ने कहा सुभाष चंद्र बोस का नाम आते ही सबसे पहले तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा याद आता है । श्री नाग ने कहा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आजादी के पहले कांग्रेस के दो बार राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे उन्होंने देश की आजादी के लिए आजाद हिंद फौज की स्थापना की तथा उन्होंने अपनी फौज के दो ब्रिगेड का नाम महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू के नाम पर रखा। संचालन कर रहे महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा नेताजी सुभाष चंद्र बोस का स्वतंत्रता संग्राम में दिया गया योगदान अविस्मरणीय है ।गांधी जी को महात्मा की उपाधि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने ही दी थी। कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम के अनुसार गोष्ठी में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य उग्रसेन मिश्रा शरद शुक्ला रामनरेश मौर्य डीएन वर्मा रीता मौर्य चंचल सोनकर प्रेम कुमार पांडे जमील अहमद प्रेम चंद्र मौर्य सुरेश माझी भूपेंद्र अमरजीत मौर्य युवा नेता राकेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

## तौसीफ खान ने बसपा छोड़कर ग्रहण की सपा की सदस्यता

अयोध्या(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर कैंट पार्षद मोहम्मद अपील बबलू के प्रयास से बसपा छोड़कर आए महानगर उपाध्यक्ष तौसीफ खान सरकार ने अपने सेक्टर प्रभारियों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की ,महानगर उपाध्यक्ष श्री चंद यादव व पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे ने सभी को पार्टी का झंडा सौंपकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर उपाध्यक्ष श्री चंद यादव संचालन महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया ,इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि आज जनता अखिलेश यादव को आशा भरी नजरों से देख रही है क्योंकि समाजवादी पार्टी ही ऐसी पार्टी है जिसकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, समाजवादी पार्टी हमेशा विकास की राजनीति करती है और समाज में सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चलने का काम करती है, उन्होंने कहा सरकार भाई के आने से पार्टी और मजबूत हुई और निश्चित ही 2022 में अखिलेश यादव की सरकार बनेगी, महानगर उपाध्यक्ष श्री चंद यादव ने कहा भारतीय जनता पार्टी केवल हिंदू मुस्लिम की बात करती है और यह आपस में लोगों को बांटने का काम करती है सदस्यता ग्रहण करने वालों में बाबू कुरेशी, लाल साहब,वाजिद भाई, मिर्जा साहब रिंकू श्रीवास्तव, मनीष यादव प्रकाशगुप्ता मान सिंह यादव,सर्वेश यादव,अफसर खान, कादर खान, सुरेश यादव, बलवंतयादव, शेरू प्रजापति आफताब खान, दीदार सिंह, काफिर, अभिषेक यादव , आदि लोग शामिल हुए महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया इस मौके पर महानगर उपाध्यक्ष श्री चंद यादव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, पार्षद मोहम्मद अपील बबलू, सनी यादव, मोहम्मद सोहेल, राहुल यादव पिंटू, शाहबाज लकी राशिद सलीम घोसी, पार्षदनौशाद फरीद कुरैशी, इंद्रसेन पहलवान, आकिब खान , प्रभुनाथ जयसवाल, अक्षत श्रीवास्तव, मोहम्मद जावेद पानू, इश्तियाक खान, आयुष श्रीवास्तव देवा श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

## जिले के शत–प्रतिशत नागरिकों के टीकाकरण के लिए डीएम का भगीरथ द्रयास

बहराइच ।जनपदवासियों के शत–प्रतिशत टीकाकरण के लिए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र रात–दिन एक कर बैठकों, वर्चुअल संवाद, क्षेत्र भ्रमण तथा एकीकृत कोविड कमाण्ड सेन्टर के माध्यम से जहॉ एक ओर अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दे रहे हैं वही दूसरी ओर ग्राम प्रधानों व अन्य सम्बन्धित से टीकाकरण कार्य में सहयोग की अपील कर रहे हैं। जिलाधिकारी के प्रयासों का नतीजा है कि अब तक जनपद में 96 प्रतिशत से अधिक लोगों द्वारा टीके की प्रथम तथा 59 प्रतिशत से अधिक लोगों द्वारा द्वितीय डोज ली जा चुकी है। जनपदवासियों के शत–प्रतिशत टीकाकरण के लिए डीएम द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। जहॉ एक ओर जिले के दूर दराज क्षेत्रों का भ्रमण कर टीकाकरण की प्रगति का जायजा लिया जा रहा है वहीं दूसरी ओर जिले के ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायको व अन्य सम्बन्धित से वर्चुअली संवाद के माध्यम से शत–प्रतिशत टीकाकरण कराये जाने की अपील की जा रही है।

इसी कड़ी में डीएम डा. दिनेश चन्द्र ने सूचना विज्ञान केन्द्र के वीडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष से जनपद के विकास खण्ड कैसरगंज, फखरपुर, जरवल, महसी, तजवापुर व रिसिया के ग्राम प्रधानों व पंचायत सहायकों से वर्चुअली संवाद स्थापित करते हुए ग्राम प्रधानों को निर्देश दिया कि शत–प्रतिशत ग्रामवासियों का टीकाकरण कराएं। डीएम डॉ. चन्द्र ने ग्राम प्रधानों से यह भी अपील की कि विशेषकर ऐसे लोगों जिन्होंने टीकाकरण की प्रथम डोज लिया है परन्तु अभी तक द्वितीय टीकाकरण नहीं कराया है उन्हें टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। डीएम डॉ. चन्द्र ने ग्राम प्रधानों को यह भी सुझाव दिया कि सभी श्रेणी के वंचित लोगों की सूची तैयार कर 14 वर्ष 02 माह से अधिक आयु के सभी किशोर–किशोरियों, प्रौढ व बुजुर्गों का शत–प्रतिशत टीकाकरण करायें तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे लोग जिनके द्वारा 39 सप्ताह पूर्व दूसरी डोज ली गयी है उन्हें बूस्टर डोज लगवायें। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों से यह भी कहा कि ग्राम पंचायत में अगर ऐसे लोग भी हैं जो टीकाकरण से इंकार करते हैं तो उनकी भी सूची तैयार कर ली जाय। डीएम ने कहा कि प्रायः कुछ लोग अज्ञानता तथा टीके के महत्व से वाकिफ न होने के कारण इंकार कर देते है। जबकि कोरोना संक्रमण से बचाव का सबसे कारगर व एक मात्र उपाय टीकाकरण ही है। डीएम ने कहा कि इंकारी लोगों को समझाने के लिए लिए ब्लाक, तहसील व जिला स्तर से सक्षम अधिकारियों व चिकित्सकों की टीम भेजकर उनकी शंकाओं का समाधान कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर इंकारी लोगों से मिलने और समझाने के लिए वह स्वयं भी गांव में जायेंगे। जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने ग्राम प्रधानों से यह भी अपील की कि अपनी ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित कार्यक्रमों का आयोजन करें ताकि भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुसार आसन्न मतदान में जिले के शत–प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करायी जा सके। डीएम ने ग्राम प्रधानों से यह भी अपील की कि 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर ग्राम में मतदाता शपथ दिलायी जाय। डीएम ने साथ ही यह भी सचेत किया कि सभी आयोजनों में कोविड–19 के संक्रमण से बचाव हेतु सुरक्षात्मक प्रोटोकाल का पालन किया जाय तथा किसी भी दशा में आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावित न होने पाये।

# जनपद में मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। लोहिया कलाभवन में राष्ट्रीय बालिका दिवस तथा उत्तर प्रदेश दिवस तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस का जिलाधिकारी दीपक मीणा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रमणि तथा अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) उमाशंकर द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेन्द्र मोदी लाइव प्रसारण लोगो को दिखाया गया। प्रधानमंत्री द्वारा आज 29 बालकध्बालिकाओ को सम्मानित किया गया जिसमें 03 उत्तर प्रदेश से है। उत्तर प्रदेश दिवस तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम में सर्वप्रथम शिवपति इन्टर कालेज, शोहरतगढ़ की छात्राओं द्वारा सरस्वती बन्दना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गयी। इसके पश्चात छात्राओं एवं टीम द्वारा कन्या भ्रूण हत्या पर नाटक तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं थीम पर नाटक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अच्छा कार्य करने वाली महिलाआ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अपर्णा सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पी0डी0 सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, डी0सी0एन.आर.एल.एम. योगेन्द्र लाल भारती, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 राहुल गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श, जिला दिव्यांग जनसश्क्तीकरण अधिकारी एजाजुल हक, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी तन्मय, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय अधिकारीध्कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के छात्रध्छात्राओ, अध्यापको आदि की उपस्थिति रही।



# सांसद जगदंबिका पाल ने पहनाया सुभाष चंद्र बोस के मूर्ति पर माला

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल ने सनई




चौराहे पर विस्थापित सुभाष चंद्र बोस के मूर्ति पर माला पहनाए और सांसद जगदंबिका ने सुभाष चंद्र बोस के बारे में लोगो को बताए नेताजी सुभाष चंद्र बोस जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 संतानें थी, जिसमें 6 बेटियां थी। वही भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोविंद माधव ने भी माला पहनाई।

# रिटायर्ड फौजी के द्वारा दुष्कर्म के आरोपति की गोली मारकर हत्या का मामले में नया मोड़

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। नाबालिग बेटी के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपित दिलशाद की हत्या में आरोपित पूर्व सैनिक को रिमांड मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पूर्व सैनिक के चेहरे पर घटना को लेकर कोई शिकन नहीं थी। रात में पूछताछ करने पहुंचे अधिकारियों से वह पूछ रहा था कि मरने वाले दिलशाद ही है न कोई दूसरा तो नहीं। पुष्टि होने के बाद सकून से लाकअप में सोया। मुकदमे की पैरवी करने आया था गोरखपुर। मुजफ्फरपुर, सकरा के विधिपुर, भरवारी निवासी मोहम्मद ताहीर रात में 12 बजे रिश्तेदारों के साथ कैंट थाने पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर बताया कि उनका बेटा दिलशाद मुकदमे की पैरवी में गोरखपुर कचहरी आया था। पार्किंग के पास पूर्व सैनिक ने गोली मारकर हत्या कर दी। तहरीर के आधार पर कैंट पुलिस ने असलहे के साथ पकड़े गए आरोपित के खिलाफ हत्या व आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया। रात में पुलिस अधिकारी पूछताछ करने थाने पहुंचे ने आरोपित उनसे पूछने लगा कि साहब दिलशाद ही मरा है न। गलतफहमी में किसी दूसरे को तो गोली नहीं लग गई। दिलशाद के मरने की पुष्टि होने पर उसने वारदात को अंजाम देने की वजह बताई। आरोपित ने कहा कि जमानत पर छूटने के बाद दिलशाद उनकी बेटी के पास फोन करके अपने पास आने का दबाव बना रहा था। बात न मानने पर उनके मोबाइल पर बेटी के साथ का आपत्तिजनक फोटो व वीडियो भेज रहा था। जिसकी वजह से पूरा परिवार परेशान हो गया था। प्रभारी निरीक्षक कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि घटनास्थल पर एक जिंदा कारतूस, दो खोखा मिला। आरोपित के कब्जे से मिली लाइसेंसी पिस्टल की मैग्जीन में पांच गोली थी।दोपहर बाद उसे रिमांड मजिस्ट्रेट की कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। यह है मामला मुजफ्फरपुर का रहने वाला दिलशाद बड़हलगंज में पूर्व सैनिक के घर के सामने पंचर की दुकान चलाता था। 11 फरवरी को उसने पूर्व सैनिक की नाबालिग की बेटी का अपहरण कर लिया। मुकदमा दर्ज कर बड़हलगंज पुलिस ने 26 फरवरी को उसे हैदराबाद में गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित के बयान के आधार पर मुकदमे में दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट की धारा बढ़ाने के बाद दिलशाद को जेल भेज दिया।एक माह पहले जमानत पर छूटने के बाद शुक्रवार को वह मुजफ्फरपुर से कचहरी में पेशी पर आया था। जहां पार्किंग के पास पूर्व सैनिक ने गोली मारकर हत्या कर दी।

# सिद्धार्थ सिविल बार में हुआ इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थ सिविल




बार एसोसिएशन के प्रांगण में डॉ राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता भवन तक जाने के लिए इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण अखंड प्रताप सिंह अध्यक्ष सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन सिद्धार्थनगर के द्वारा किया गया। जिला प्रशासन के सहयोग से नगर पालिका द्वारा निर्मित इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण करते हुए अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि इस सड़क को अधिवक्ताओं के लिए बनवाने में हम अधिवक्ताओं को संघर्ष करना पड़ा है और हम सभी अधिवक्ता हृदय से अपने जिला अधिकारी दीपक मीणा को धन्यवाद कहते हैं जिनके द्वारा प्रयास करके इस सड़क का उपहार हम अधिवक्ताओं को दिलाया गया है अगर इसी तरह सभी अधिकारी जनता के लिए सुलभ हो जाएं तो शायद जनपद के विकास में एक उपलब्धि हो जाएगी।

सभा को संबोधित करते हुए चुनाव आयुक्त रमेश कुमार पांडे ने अधिवक्ताओं से अपील किया कि अगर आप एकजुट रहेंगे तो निश्चित तौर पर अधिवक्ताओं को समाज में पुनः वही स्थान प्राप्त होगा जो आजादी के समय आदर के साथ प्राप्त था। सड़क के लोकार्पण के समय व्यवस्था कोषाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने किया जिसकी सहमति महामंत्री कृपा शंकर त्रिपाठी ने दिया था। सभा में सर्वश्री प्रभाकर मिश्रा, आलोक रंजन उपाध्याय, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, अविनाश पांडे, धर्मेंद्र पाल, बृजेश पांडे, आरडी यादव, संतोष मिश्रा आदि की उपस्थिति रही।

# किसान न हों परेशान मिलेगा क्षतिपूर्ति, रबी फसल बीम धारक किसान जमा करदे प्रपत्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद में असामयिक मौसम अचानक तेज हवा के साथ बरसात हुई है। जिसके कारण फसले प्रभावित हो सकती हैं जो किसान रबी में बोई गई फसल का फसल बीमा योजनान्तर्गत अपने फसल की बीमा कराएं है। ऐसे सभी कृषक अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी एवं बीमा प्रीमियम कटौती की छायाप्रति के साथ 72 घंटे में अपने अपने ब्लाक के सहायक विकास अधिकारी (कृषि) या संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी या जनपद हेतु नामित फसल बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 18008896868618002005142 पर अथवा जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में लिखित सूचना दे सकते हैं। जिसके आधार पर सर्वे के उपरांत नियमानुसार फसल बीमा की क्षतिपूर्ति संबंधित बीमा कंपनी से दिलाया जाएगा।

# माधुर्य यादव नायब तहसीलदार नौगढ़ बनाये गए



दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने 2020 बैच के नवनियुक्त नायब तहसीलदार माधुर्य यादव को तहसील नौगढ़ में तैनाती की है। नायब तहसीलदार माधुर्य यादव ने तहसील में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

# विद्यालय प्रबंधक संघ द्वारा उपजिलाधिकारी इटवा को स्कूल खोले जाने के संबंध मे सौंपा ज्ञापन

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा/सिध्दार्थनगर। राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ द्वारा महामहिम राजपाल उत्तरप्रदेश एवं मुख्य सचिव महोदय गोरखपुर उत्तरप्रदेश को उपजिलाधकारी इटवा द्वारा स्कूल को खोले जाने के संबंध में एक ज्ञापन दिया गया। कोवड–19 महामारी के कारण सबसे ज्यादा प्रभावित प्राइवेट इन्स्टिटूशनधविद्यालय और पढ़ने लिखने वाले बच्चों का हुआ है। प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरीके से चौपट हो गई है जिससे प्रदेश के नौनिहालों का भविष्य अंधकार में होता जा रहा है। वही



शिक्षा जगत से जुड़े कर्मचारियों,प्रबंधों और अध्यापकों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है उन्हें अपना जीविकोपार्जन करना मुश्किल होता जा रहा है। विद्यालय बंद होने के बावजूद बिजली का बिल, अध्यापकों का वेतन, वाहन का इन्शुरन्स, फिट्नेस, परमिट जैसी अनेक चार्ज दिया जा रहे हैं अनेकों समस्याएं उत्पन्न हो रही है जिसको विद्यालय प्रबंधक के द्वारा कैसे–कैसे अपने को कर्ज में डूब कर इसे पूरा किया जा रहा है। हम सरकार एवं प्रशासन से चाहते हैं कि कोविड–19 के समस्त नियमों का पालन करते हुए कुछ शर्तों के साथ 50 प्रतिशत क्षमता के साथ विद्यालय को खोलने की अनुमति दी जाए एवं विद्यालय बंदी के दौरान सभी तरह के चार्जेज को माफ किए जाएँ।इस अवसर पर शैलेश तिवारी, डा नादिर सलाम, सचिन त्रिपाठी, बलराम विश्वकर्मा, विजय चौधरी आदि प्रबधक उपस्थित रहे।

# सीओ कोतवाली और शहर कोतवाल ने पैदल गश्त कर सुरक्षा का दिलाया एहसास

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। चुनावी माहौल के मद्देनजर उच्चाधिकारियों के



निर्देश पर शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जनता को पुलिस की मौजूदगी का एहसास कराने के उद्देश्य से चेकिंग और पैदल गश्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सीओ कोतवाली विनय सिंह और कोतवाल कल्याण सिंह सागर ने एसएसआई रतन पाण्डेय व हमराहियों के साथ मातहतों के साथ नखास चौक से रेती चौक होते हुए क्षेत्र में पैदल गश्त कर रास्ते में व्यपारियों और आम जन का हाल जाना और कहा कि गोरखपुर पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए हमेशा आपके साथ है।

# चार दिवसीय फाउण्डेशनल लिटरेसी एवं न्यूमरेसी प्रशिक्षण शुरू

बस्ती। ब्लॉक संसाधन केंद्र हर्रैया पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में शासन के निर्देश पर निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत फाउण्डेशनल लिटरेसी एवं न्यूमरेसी (एफ.एल.एन.) पर आधारित प्राथमिक विद्यालयों के समस्त शिक्षक, शिक्षामित्रों का चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी बड़कऊ वर्मा के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को प्रारम्भिक स्तर से बच्चों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता का ज्ञान होना है। इस प्रशिक्षण के सन्दर्भदाता विकासखण्ड के सभी एआरपी गिरिजेश बहादुर सिंह, उमेश सिंह,उदय प्रताप सिंह, सन्दीप सिंह, सुनील कुमार हैं। शासन के निर्देशानुसार 20–20 की संख्या में बैच बनाकर परिषदीय प्राथमिक विद्यालय के सभी शिक्षक,शिक्षामित्र का प्रशिक्षण होना है इसके लिए शेड्यूल तय कर दिया गया है। प्रोजेक्टर के माध्यम से दिए जा रहे प्रशिक्षण में बीआरसी कार्यालय के राकेश प्रकाश श्रीवास्तव, सुनील कुमार,ऋषि सिंह,अरुण साहू कपिलदेव वर्मा ने तकनीकी सहयोग किया। इस दौरान प्रशिक्षण लेने वालों में शशिकान्त, हरीश चन्द्र वर्मा, जनार्दन वर्मा, अशोक यादव, रत्नेश मिश्र, दीपक कुमार,रंजीत वर्मा, आनंद सिंह, मोहम्मद शमीम अंसारी, सर्वेश वर्मा,यशपाल सिंह,पुजारी वर्मा,राजेन्द्र वर्मा, शिव कुमार गौड़, राजन सिंह,शशांक दूबे, अवनीश ओझा, अमित वर्मा, वीरेन्द्र प्रसाद, वन्दना वर्मा,दिव्या पाण्डेय,शैलजा सिंह,तान्या सिंह, आकांक्षा सिंह,शिबा खातून, सुधा वर्मा, पूर्णिमा पाण्डेय, अंजू, कुसुम गौतम,रीना,प्रिया चौधरी, रानू वर्मा,प्रियंका, आरती गुप्ता,श्रेया पाण्डेय, पारुल चौधरी,मन्जूरानी,सुषमा देवी,पूजा सिंह,दीपा आदि मौजूद रहे।

# समाजवादी कार्यलय पर जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनाई गई जयंती

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर शोषितों, वंचितों, पिछड़ो एवं दलितों के मसीहा थे। उन्होंने अपने शासन काल मे सामाजिक न्याय में भागीदारी के लिए पहली बार पिछडो को 26 फीसदी आरक्षण की व्यस्था लागू



कर सम्मान देने का काम किए थे। उक्त बातें सोमवार को सपा जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक लालजी यादव ने कही। वह स्व. कर्पूरी ठाकुर के पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित गोष्ठी में कहा कि कर्पूरी ठाकुर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व जननायक के नाम से मशहूर समाजवादी नेता थे। उनका जन्म 24 जनवरी 1924 को बिहार में समस्तीपुर जिले के पितौझिया गांव में हुआ था। इनके पिता गोकुल ठाकुर गांव के सीमांत किसान थे। अपने पारम्परिक पेशा बाल काटने का काम करते थे। यादव ने कहा कि वह पढ़ाई छोड़कर भारत छोड़ो आंदोलन में कूद पड़े। 26 माह तक जेल में बिताए। स्वतंत्रता के बाद अपने गांव में एक शिक्षक के रूप में काम किया। पहली बार 1952 में बिहार विधानसभा के सदस्य बने। जो बाद में शिक्षा मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री भी रहे। दिसंबर 1970 से जून 1971 और जून 1977 से 1979 तक मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने बिहार में शराब पर प्रतिबंध लगाया था। गोष्ठी को सपा पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा, अब्दुल कलाम सिद्दीकी, सपा जिला प्रवक्ता व डिजिटल विंग प्रभारी विजय यादव, कन्हैया प्रसाद कन्नौजिया, सयुस प्रदेश सचिव विजय चौधरी व सुभांगी भारत, राम सेवक लोधी, संजय कन्नौजिया, चंद्रजीत, अभिषेक त्रिपाठी, अनिल जायसवाल, चंद्रजीत यादव, चंचल रावत आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। रोहित श्रीवास्तव, प्रकाश, अनिल कन्नौजिया, अंगद यादव व श्याम देव प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ

संत कबीर नगर। नेहरू युवा केंद्र संत कबीर नगर के तत्वाधान में दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ 24 जनवरी को काशीराम खेल स्टेडियम में हुआ।कार्यक्रम का उद्घाटन सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज व जिला युवा अधिकारी रीना केसरिया एवं उप क्रीड़ाधिकारी दिलीप कुमार द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया गया।काशीराम स्पोर्टस स्टेडियम में जनपद के विभिन्न ब्लाकों से आये हुए छात्रों द्वारा आज कबड्डी, खोखो, वॉलीबॉल के मैच का शुभारम्भ हुआ। उन्होंने बताया कि कल 25 जनवरी को 100 मी0, 400मी0 एवं लंबी कूद और पुरुस्कार वितरण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिताओं में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम के विजेताओं ने प्रतिभाग किया है। ब्लॉक सांथा, सेमरियावां, पॉली, खलीलाबाद, बेलहरकला के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# सम्पादकीय

**इसके साथ ही मानवीय मूल्यों को जोड़कर अदालत ने टिप्पणी की कि उच्च अंक हासिल करने वाला उम्मीदवार यदि अपनी प्रतिभा का उपयोग अच्छे कार्य करने के लिये नहीं करता तो उसे मेधावी नहीं कहा जा सकता। वैसे योग्यता एक सामाजिक अच्छाई है और इसका संरक्षण जरूरी है। वहीं न्यायालय का स्पष्ट ...**

## आरक्षण और योग्यता

नीट पीजी परीक्षा में आरक्षण को दो सप्ताह पूर्व झंडी दे चुके सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले की तार्किक व्याख्या व्यापक संदर्भों में की है। दरअसल, इस फैसले में देरी की वजह से जूनियर डाक्टरों ने दिल्ली में व्यापक आंदोलन किया था। उसके बाद सात जनवरी को एक फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने नीट पीजी में 27 फीसदी ओबीसी और दस फीसदी ईडब्ल्यूएस कोटे को मंजूरी दे दी थी। लेकिन कोर्ट ने तब अपने फैसले की तार्किक व्याख्या नहीं की थी। अब कोर्ट ने आरक्षण की सामाजिक न्याय की अवधारणा समेत तमाम सवालों के जवाब देने का प्रयास किया। सबसे महत्वपूर्ण यह कि योग्यता को प्रतियोगी परीक्षा के नतीजे की संकीर्ण परिभाषा तक सीमित नहीं रखा जा सकता क्योंकि इन परीक्षाओं से अवसर की औपचारिक समानता ही हासिल होती है। कोर्ट ने कहा कि आरक्षण और योग्यता में कोई अंतर्विरोध नहीं है बल्कि आरक्षण सामाजिक न्याय की अवधारणा को पुष्ट करके योग्यता का संवर्धन ही करता है। दरअसल, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की पीठ का मानना था कि स्नातक हो जाने से किसी व्यक्ति की सामाजिक व आर्थिक स्थिति नहीं बदल जाती। उनकी कमजोर पृष्ठभूमि के मद्देनजर आरक्षण देने की जरूरत महसूस होती है। साथ ही यह भी तर्क दिया कि जब अन्य स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में आरक्षण लागू है तो नीट में भी दिया जाना चाहिए। दरअसल, अदालत का मानना था कि योग्यता व आरक्षण परस्पर विरोधी नहीं हैं। महज प्रतियोगी परीक्षा के ही अंकों को योग्यता का मापदंड नहीं माना जा सकता। उसे सामाजिक रूप से भी प्रासंगिक बनाने की जरूरत है। अदालत ने संविधान निर्माताओं की आरक्षण अवधारणा को पुष्ट करते हुए कहा कि देश में पिछड़ापन दूर करने के लिये आरक्षण देना प्रासंगिक है। अपवाद को स्वीकार करते हुए अदालत का मानना था कि संभव है कि कुछ लोग ऐसे हो सकते हैं जो पिछड़े न होते हुए भी आरक्षण का लाभ उठा रहे हों, लेकिन व्यापक अर्थों में आरक्षण की तार्किकता को नकारा नहीं जा सकता। दरअसल, कोर्ट की यह व्याख्या इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि ओबीसी आरक्षण व आर्थिक आधार पर आरक्षण का मामला अदालत में विचाराधीन होने के बावजूद केंद्रीय परीक्षाओं में इसे लागू करने के लिये अब अदालत की मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं होगी। दरअसल, अदालत में आरक्षण से जुड़े कई मामलों में याचिका दायर की गई थी। इसमें ईडब्ल्यूएस कोटे का लाभ आठ लाख से कम सालाना आय वालों को दिये जाने के आधार पर सवाल खड़े किये गये थे। दलील दी गई थी कि इतनी आय वाला परिवार आर्थिक रूप से पिछड़ा नहीं हो सकता। इस बाबत केंद्र ने कोर्ट को बताया था कि यह मानक तार्किक है। साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि सरकार ने नीट पीजी की काउंसलिंग से पहले आरक्षण लागू कर दिया था, ऐसे में यह नियम विरुद्ध नहीं कहा जा सकता। साथ की पीठ ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि इस मामले में अदालत को पुनरू समीक्षा करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि नीट पीजी में ओबीसी और ईडब्ल्यूएस आरक्षण संवैधानिक रूप से मान्य है। इसी क्रम में कोर्ट ने योग्यता व आरक्षण के मुद्दे पर व्यापक दृष्टि को परिभाषित भी किया। कोर्ट का मानना था कि कोई परीक्षा व्यक्ति की वर्तमान सक्षमता को ही दर्शाती है, उसकी क्षमताओं, उत्कृष्टता व सामर्थ्य को पूरी तरह परिभाषित नहीं करती। इसको समृद्ध करने में अनुभव, बाद का प्रशिक्षण और व्यक्तिगत चरित्र की भी भूमिका होती है।

## कविता

### अधिकार चाहिए

पूरी शिक्षा और पूरा प्यार चाहिए,
दया नहीं बेटी को अधिकार चाहिए।।

घर की दीवारों में बेटी कैद क्यों रहे ?
विद्यालय की पावन बयार चाहिए ।।

चूल्हा–चौका, झाड़ू, बेलन रहने दो अभी,
बेटी को कलम का हथियार चाहिए ।।

पढ़कर बेटी, बेटों से पीछे न रहेगी,
सबको इन पर करना ऐतबार चाहिए ।।

हर बेटी को पढ़ने– बढ़ने का मौका मिले,
शिक्षित, सुंदर यदि घर– परिवार चाहिए।।



सिद्धार्थनगर।
नियाज कपिलवस्तुवी/
दैनिक बुद्ध का संदेश

## दल बदल के मौसम में आहत लोकतंत्र

**अब चुनाव पूर्व दल बदलने की बात छोडिए, चुनावों के बाद जो शब्द राजनेताओं ने दिया हार्स ट्रेडिंग अर्थात घोड़ों की बिक्री, वह भी लोकतंत्र पर धब्बा है। दल बदल मन बदल न हो जाए। जनता यह सोचे कि जिन पर पार्टी के नेताओं को ही विश्वास नहीं उन पर जनता आखिर क्यों विश्वास करे। अभी तक तो वह चुनावी खर्च पर भी नियंत्रण नहीं कर सका। चालीस करोड़ उड़ाने वाले चालीस लाख के ...**

लक्ष्मीकांता चावला

लगभग चार दशक पहले तक पूरे देश में चुनाव एक ही समय होते थे। विधानसभा और लोकसभा के लिए भारत की जनता वोट करती थी। अपने प्रतिनिधि चुनती थी। लोकतंत्र के मंदिर में अपने–अपने प्रतिनिध्यिों को भेजने के लिए मानो संगम का मेला ही लगता था। धीरे–धीरे परिस्थितिवश देश के अनेक भागों में चुनाव अलग–अलग समय पर होने लगे, जिसका यह परिणाम हुआ कि अपना देश हर वर्ष ही चुनावी संग्राम में जूझता है। जहां कहीं पहले यह आदर्श वाक्य था कि साध्य के लिए साधन भी शुद्ध चाहिए। अब साधनों की शुचिता तो अतीत की बात हो गई। साध्य अर्थात चुनावों में सफलता, सत्ता प्राप्ति एकमात्र लक्ष्य हो गया। उसके लिए साम–दाम–दंड–भेद या इससे भी कुछ आगे है तो इसका प्रयोग किया जा रहा है।

जब से 2022 में पांचों विधानसभा के चुनावों की घोषणा हुई तभी से राजनेताओं ने एक तो आश्वासनों की बौछार की। मुफ्तखोरी बनी नहीं रहेगी, अपितु बढ़ेगी इसका भरोसा दिया। जनता को रोजगार, उद्योग–धंधे, चिकित्सा शिक्षा के स्वावलंबन की कोई चर्चा नहीं की और इसके साथ ही सत्ता की दौड़ में लगे ये राजनेता दल बदलने के सारे पिछले रिकार्ड तोड़ रहे हैं। हो सकता है कि चुनावों के नामांकन की तिथि तक सैकड़ों और तथाकथित नेता दल बदल लेंगे। इनको तथाकथित इसलिए कहा है क्योंकि ये नेतृत्व नहीं कर रहे, अपितु अपनी–अपनी सत्ता या परिवार की सत्ता सुरक्षित रखने के लिए ही काम कर रहे हैं।

कभी हरियाणा से निकलाकृ आया–राम गया–राम का व्यंग्य वाक्य अब पूरे देश में वैसे ही फैल गया जैसे केरल में एक कोरोना रोगी मिलने के बाद पूरा देश कोरोना की पहली, दूसरी और अब तीसरी लहर में जकड़ा तड़प रहा है। आज का प्रश्न यह है कि समाज दल–बदलुओं को स्वीकार क्यों करता है?

आमजन का यह कहना है कि राजनीतिक पार्टियां उत्तर दें, वे उन लोगों के लिए अपने दरवाजे पलक पांवड़े बिछाकर हर समय खुले क्यों रखते हैं, जो सिद्धांतहीन हैं पर सत्ता के लालच में दौड़ते हुए उनके दरवाजों पर आते हैं, फूलों का आदान–प्रदान होता है, पटे या पटके गलों में डाले जाते हैं और दल बदलू नेता इतने समभाव वाले दिखाई देते हैं कि निंदा, स्तुति, मान–अपमान से उन्हें कोई अंतर ही नहीं पड़ता। प्रश्न एक यह भी है कि जो लोग उस पार्टी के वफादार नहीं, जिससे उन्हें पहचान मिली, सम्मान मिला, राजपद प्राप्त हुए और उनकी जिंदाबाद के नारे गली–गली में लगे, ऐसे लोग दूसरी पार्टी में जाकर उनके कैसे वफादार हो जाएंगे। जो लोग सार्वजनिक सभाओं में अपनी जनता के दुख–सुख में साथी बनने की घोषणा करते रहे वे केवल अपने परिवार की विधानसभा सीट के लिए ही क्यों दल बदल जाते हैं? अपने मतदाताओं को ध् ाोखा देते हैं?

अभी तो हालत यह हो गई जो उत्तर प्रदेश ने देखा, पंजाब ने देखा, उत्तराखंड ने दिखाया कि ये याद ही नहीं रहता कि दल बदलने वाले नेता पहले किस–किस गली का चक्कर लगाकर आए हैं और वर्तमान पार्टी में आने से पहले किस पार्टी में धन–सत्ता कमा रहे थे। उत्तर प्रदेश का उदाहरण तो बड़ा अफसोसजनक है। सरकार के एक मंत्री कांग्रेस से बीएसपी में, बीएसपी से समाजवादी पार्टी में, फिर भाजपा में और भाजपा से वापस समाजवादी पार्टी में चले गए। संभवतरू वहां और कोई ऐसी बड़ी पार्टी नहीं, जिसकी दलदल में वह डुबकी लगा सकें। आश्चर्य यह भी है कि दल बदलने की बीमारी का एक सीजन विशेष ही होता है। वर्षों तक एक पार्टी में सत्तासुख भोगने के बाद अचानक ही इन्हें दलितों की पीड़ा, कमजोरों के साथ हो रहा अन्याय, युवकों की बेरोजगारी का दर्द तंग करने लगता है और फिर एक नहीं बल्कि आधा दर्जन से ज्यादा मंत्री और विधायक दूसरी पार्टी का झंडा और डंडा थाम लेते हैं। पंजाब में तो दो बहुत दुखद, पर रोचक दल बदल हुए। एक एमएलए भाजपा में गए। फूलों के हार पहनाए, पर अगले दिन ही वापस कांग्रेस में चले गए। अमृतसर जिले के एक कांग्रेस नेता चौबीस घंटे भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में न काट सके। वहां उन्हें जितने फूल और पटके मिले थे उतने घंटे बिताए बिना ही वे वापस कांग्रेस में आ गए। पंजाब का शायद ही ऐसा कोई शहर बचा हो जहां यह बीमारी स्वार्थी दल बदली की न फैल रही हो। उत्तराखंड का भी एक ऐसा ही उदाहरण है। उसके अनुसार अपनी पुत्रवध् ाू के लिए जब टिकट प्राप्त नहीं कर सके तो फिर वापस कांग्रेस में चले गए। समाचार क्यों मिलता है भाजपा का पलटवार, कांग्रेस की पूर्व महिला अध्यक्षा भाजपा में आ गई। आदान–प्रदान हो रहा है। आप जानते ही हैं कि सत्तापतियों और धनपतियों को शगुन ज्यादा मिलता है। मुलायम सिंह की पुत्रवध् ाू भी चुनाव लडने के लिए यूं कहिए घरेलू राजनीतिक क्लेश के कारण अब भाजपा की ध्वज वाहिका बन चुकी हैं।

अब चुनाव पूर्व दल बदलने की बात छोडिए, चुनावों के बाद जो शब्द राजनेताओं ने दिया हार्स ट्रेडिंग अर्थात घोड़ों की बिक्री, वह भी लोकतंत्र पर धब्बा है। दल बदल मन बदल न हो जाए। जनता यह सोचे कि जिन पर पार्टी के नेताओं को ही विश्वास नहीं उन पर जनता आखिर क्यों विश्वास करे। अभी तक तो वह चुनावी खर्च पर भी नियंत्रण नहीं कर सका। चालीस करोड़ उड़ाने वाले चालीस लाख के आंकड़े आयोग को दे देते हैं।

## बढ़ती आर्थिक असमानता के खतरे समझें

**बदलनी चाहिए यह स्थिति। सत्ता नहीं, सेवा होना चाहिए हमारी राजनीति का उद्देश्य। बात तो सब करते हैं सेवक होने की, पर सेवा के नाम पर मेवा कमाने की प्रवृत्ति कम नहीं हो रही। पिछले दो साल में श्अति गरीबीश में पहुंच जाने वाले 4.6 करोड़ लोग यह सवाल पूछ रहे हैं चुनाव–दर–चुनाव हमारे नेताओं की सम्पत्ति दोगुनी–तिगुनी कैसे हो जाती है? कैसे इन दो साल में देश में अरबपतियों की संख्या 102 से ...**

विश्वनाथ सचदेव

श्वर्ल्ड इकानॉमिक फोरम्श के दावोस सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनियाभर के उद्यमियों को भारत में आकर व्यवसाय करने की दावत दी है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि भारत आर्थिक विकास की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत दुनिया को आशा का एक सुंदर गुलदस्ता दे रहा है। इसमें हम भारतीयों की जनतंत्र में अटूट आस्था है, 21वीं सदी को सशक्त बनाने वाली तकनीक है और हमारी वह प्रतिभा और स्वभाव है जो दुनिया को प्रेरणा दे सकता है। आजादी के अमृत महोत्सवी वर्ष में दुनिया को भारत का यह संदेश निश्चित रूप से भरोसा दिलाने वाला है और हम भारतीयों को भी इस बात का अहसास कराने वाला है कि श्अच्छे दिनश कहीं आस–पास ही हैं। इन पिछले 75 सालों में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में हमने बहुत कुछ अर्जित किया है, जिस पर हम गर्व कर सकते हैं। दुनिया को उम्मीद का जो गुलदस्ता देने की बात प्रधानमंत्री ने दावोस सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए की है, वह गुलदस्ता हम भारतीयों के लिए भी है। इस बारे में दुनिया के देश क्या सोच रहे हैं, क्या कह रहे हैं यह तो आने वाला कल ही बताएगा, पर वर्ल्ड इकानॉमिक फोरम के इसी सम्मेलन में श्आक्सफेमश की एक रिपोर्ट भी सामने आयी है, जिस पर हम भारतीयों को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। इस रिपोर्ट में कुछ आंकड़े हैं जिनका हमारे जीवन से सीधा रिश्ता है। ये आंकड़े हमारी गरीबी के संबंध में हैं। श्आक्सफेमश द्वारा जारी की गयी इस रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2020 से लेकर नवंबर 2021 तक की अवधि में भारत में साढ़े चार करोड़ से अध् िाक लोग श्अति गरीबीश की स्थिति में पहुंच गये हैं। पूरी दुनिया में जितने लोग गरीबी की इस स्थिति में हैं उसकी आधी संख्या है यह। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह अवध् िा कोरोना–काल की है, जिसमें सारी दुनिया ने आर्थिक मार को झेला है, लेकिन हमारी स्थिति अधिकांश देशों की तुलना में कहीं अधिक चिंताजनक है। आक्सफेम की रिपोर्ट बताती है कि हमारे देश में इस कोरोना–काल में 84 प्रतिशत परिवारों की कमाई में कमी आयी है। जहां तक बेरोजगारी का सवाल है, शहरी क्षेत्रों में यह दर पंद्रह प्रतिशत से भी अधिक हो गयी है, स्वाभाविक है ग्रामीण क्षेत्रों में यह बेरोजगारी और अधिक होगी। बेरोजगारी के साथ यदि महंगाई के आंकड़े भी जोड़ दिये जाएं तो स्थिति की भयावहता और बढ़ जाती है। इस स्थिति का तकाजा है कि आज जब हम आर्थिक विकास की दिशा में बढ़ते कदमों की बात करें तो इस गरीबी और बेरोजगारी की तरफ भी नजर रखें। उम्मीद का जो गुलदस्ता हम दुनिया को दे रहे हैं उसकी गंध देश के उन अस्सी करोड़ परिवारों तक भी पहुंचनी चाहिए जिन्हें कोरोना–काल में मुफ्त खाद्यान्न देने की जरूरत देश को पड़ गयी थी। यह जरूरत इस बात का भी स्पष्ट संकेत है कि श्अच्छे दिनोंश की आहट की जो बात हम करते हैं, वह अभी बहुत धीमी है। भारत में यह मौसम चुनावों का है। देश के पांच राज्यों में चुनावों का शोर सुनाई दे रहा है। हर राजनीतिक दल अपनी खूबियों के बजाय प्रतिपक्षी की कमियों की ओर इशारा करने में लगा है। नये–नये सामाजिक समीकरण बनाये जा रहे हैं, धार्मिक और जातीय ध् रुवीकरण की कोशिशों के शोर में गरीबी का जरूरी मुद्दा कहीं खो–सा गया है। लगभग आधी सदी पहले हुए एक राष्ट्रीय चुनाव में गरीबी सबसे बड़ा मुद्दा बना था। श्गरीबी हटाओश के नारे पर चुनाव जीता गया था तब। मतदाता ने उम्मीद की थी कि यह सिर्फ नारा या जुमला नहीं रहेगा। पर उम्मीद पूरी नहीं हुई। ऐसा नहीं है कि इस दौरान हमारी सरकारों ने इस दिशा में कुछ करना नहीं चाहा, पर हकीकत यह है कि कोशिश के पीछे उस ईमानदारी का अभाव था जो होनी चाहिए थी। इसी का परिणाम है कि पूरी दुनिया में गरीबी के जाल में फंसे लोगों की आधी संख्या हमारे भारत में है। आज हमारे नेता कभी हमें मंदिर–मस्जिद के नाम पर भरमाते हैं और कभी राजपथों की लम्बाई तथा मूर्तियों की ऊंचाई के नये प्रतिमानों से। आर्थिक असमानता और विषमता के प्रतिमान भी हमने स्थापित कर रखे हैं इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा।

कुछ अर्सा पहले एक रिपोर्ट आयी थी वैश्विक गैर–बराबरी के बारे में। इसके अनुसार देश की राष्ट्रीय आय का आधे से अधिक हिस्सा उस तबके के पास जा रहा था जिसे श्सुपर रिचश कहा जाता है और आधे भारतीय राष्ट्रीय आय के 13 प्रतिशत पर गुजारा करने के लिए मजबूर हैं। हमारे मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग की स्थिति भी गरीबी की स्थिति से बहुत अच्छी नहीं है। इस वर्ग को राष्ट्रीय आय का लगभग एक तिहाई हिस्सा ही मिलता है।

सवाल उठता है यह आर्थिक स्थिति हमारी राजनीति का, हमारे चुनावों का मुद्दा क्यों नहीं बनती? हैरानी की बात है कि चुनाव प्रचार में हमारे राजनेताओं को इस संदर्भ में कुछ कहने की आवश्यकता महसूस नहीं होती। चुनाव का सारा गणित जातियों के आधार पर चल रहा है। जाति के आधार पर टिकट बंटते हैं, जाति के आधार पर वोट मांगे जाते हैं– और वोट दिये भी जाते हैं! बढ़ती आर्थिक असमानता और सामाजिक अस्थिरता हमारी राजनीति का विषय कब बनेगी? कोरोना– काल में देश के अस्सी करोड़ परिवारों का मुफ्त पेट भरने का दावा करने वालों को इस बात की चिंता कब होगी कि अस्सी करोड़ परिवारों को मांग कर खाने के लिए मजबूर क्यों होना पड़ा? आज हमारे राजनीतिक दल आश्वासनों का ढेर लगा रहे हैं। एक–दूसरे से बढ़–चढ़कर बोली लग रही है मतदाताओं को मुफ्त सुविधाएं देने की। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, सम्मान निधि के नाम पर दी जाने वाली आर्थिक सहायता, मुफ्त गैस, मुफ्त लैपटॉप... इस सबकी जरूरत ही अपने आप में एक शर्मनाक स्थिति को बयां करती है। स्पष्ट है, हमारी नीतियों में कहीं न कहीं बहुत बड़ा खोट रहा है। हकीकत यह भी है कि हमारा राजनीतिक नेतृत्व दावा भले ही कुछ भी करता रहे, पर उसकी राजनीति का उद्देश्य सत्ता पाना, सत्ता में बने रहना ही रहा है।



# सीनियर संवर्ग में फातिमा स्कूल सुपर सीनियर में पायनियर पब्लिक स्कूल का रहा अव्वल

**● अटलांटा पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय बैडमिंटन चौंपियनशिप हुआ संपन्न**
**● खेल आयोजन समिति ने डॉ नितिन शर्मा डॉक्टर एमपी तिवारी वरिष्ठ पत्रकार डॉ अविनाश पाडे को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित**

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। अटलांटा पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय राष्ट्रीय बैडमिंटन कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के पहले दिन का शुभारंभ यूपी सेल्फ फाइनेंस स्कूल प्रिंसिपल मैनेजर वेलफेयर एसोसिएशन टीम पदाधिकारियों ने फीता काटकर किया है खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विधिवत शुरुआत की उसके बाद विद्यालय प्रिंसिपल वीर गौरव सिंह ने टीम के संयोजक डॉ अविनाश पांडे संरक्षक डॉ नितिन शर्मा अध्यक्ष डॉ अंकित तिवारी को इसमें चिन्ह देकर सम्मानित किया है पहले एवं दूसरे दिन कार्यक्रम के बाद अंतिम दिन अटलांटा पब्लिक स्कूल निबोरिया मैं तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन चौंपियनशिप का संपन्न हुआ है। फाइनल में जूनियर संवर्ग में प्रस्तुति गुप्ता एवं सीनियर संवर्ग में अंशिका यादव के साथ सुपर सीनियर वर्ग में डाबर सलीम व प्रशस्ति सिंह अव्वल रहे हैं। चौंपियनशिप समापन प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि तुलसीपुर ब्लाक प्रमुख स्वामिता सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया है प्रतियोगिता भाजपा नेता प्रवीण सिंह विक्की एवं विद्यालय प्रिंसिपल वीर गौरव सिंह की निगरानी में आयोजित की गई बैडमिंटन चौंपियनशिप समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल प्रतियोगिता आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में शिक्षा के साथ –साथ खेल के दीदी को आगे बढ़ाना है साथ ही साथ जिले के सभी स्कूलों के बच्चों को एक स्थान पर एकत्रित होकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करना है समारोह को भाजपा नेता विक्की सिंह ने कहा कि बैडमिंटन चौंपियनशिप आयोजन



का मुख्य उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं की प्रतिभा को निखारने है विद्यालय प्रिंसिपल वीर गौरव सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल में जूनियर संवर्ग में बलदेव एकेडमी तुलसीपुर की छात्रा प्रस्तुति गुप्ता स्टार वर्ल्ड पब्लिक स्कूल तुलसीपुर के छात्र अब्दुल रज्जाक प्रथम स्थान स्टार वर्ल्ड के मानवीय सिंह एवं पंकज चौधरी द्वितीय स्थान बलदेव अकैडमी कि मानया सेठी तीसरे स्थान पर रही है वहीं सीनियर संवर्ग में प्रथम स्थान फातिमा स्कूल के अंशिका यादव स्टार वर्ल्ड स्कूल के ऋषभ सोनी द्वितीय स्थान शारदा पब्लिक स्कूल ईशान्या एवं फातिमा स्कूल के तीसरे स्थान पर रहे हैं इसी क्रम में सुपर सीनियर वर्ग में पायनियर पब्लिक स्कूल के डाबर सलीम एवं प्रशस्ति सिंह प्रथम स्थान हासिल किया है एवं द्वितीय स्थान भी किसी विद्यालय के छात्रा रितिका सिंह एवं जय कलहंस ने प्राप्त किया है कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा खुशी श्रीवास्तव तीसरे स्थान पर रही हैं सभी विजेता उपविजेता सहित प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि के हाथों प्रमाण पत्र मेडल स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है विजेता टीम को सम्मानित करने वालों में यूपी सेल्फ फाइनेंस प्रिंसिपल मैनेजर वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष डॉक्टर एमपी तिवारी संयोजक डॉ अविनाश पांडे उपाध्यक्ष डॉ रमाकांत वर्मा विनोद सिंह कलहंस महासचिव डॉ पम्मी पांडे सचिव रीता चौधरी संयुक्त सचिव असलम शेर खान सरदार मंजीत सिंह फातिमा स्कूल प्रिंसिपल अरुण मोरस मॉडर्न पब्लिक स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर राजकुमार सिंह बसंत लाल इंटर कॉलेज प्रिंसिपल अशोक पांडे स्वतंत्र भारत इंटर कॉलेज प्रिंसिपल राधेश्याम पांडे इको स्मार्ट स्कूल मैनेजर विक्रांत सिंह सिंपल नमिता सिंह आदि बुद्धिजीवियों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें मेडल प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है स्कूल प्रिंसिपल वीर गौरव सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के सफल बनाने में स्कूल शिक्षकों एवं यूपी सेल्फ फाइनेंस रीजनल मैनेजर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रति आभार जताते हुए सदैव अपेक्षित सहयोग देते रहने की अपील की है।

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस महोत्सव का ऑनलाइन हुआ शानदार आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा सोनभद्र में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस महोत्सव का महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार के निर्देशन में इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ.संतोष कुमार सैनी द्वारा ऑनलाइन शानदार आयोजन कराया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों , कर्मचारियों के साथ–साथ छात्र–छात्राओं ने भी बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया तथा उत्तर प्रदेश की स्थापना का इतिहास ,उत्तर प्रदेश की विशेषताओं उत्तर प्रदेश की महत्ता, महत्वपूर्ण उत्पादों, उद्योगों, तीर्थ स्थानों, स्वतंत्रता आंदोलन एवं देश के विकास में इस प्रदेश के स्वर्णिम योगदान को कविताओं एवं व्याख्यानों के माध्यम से बहुत ही अनुपम तरीके से प्रस्तुत किया गया। उत्तर प्रदेश की विशेषताओं को इस महाविद्यालय की बी ए



द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी प्रज्ञा मिश्रा ने अपनी सुंदर कविता भारत के उत्तर में बड़े भूभाग पर, एक प्रदेश है, विशेषताओं से भरे इस राज्य के कंठ में विराजते महेश हैं के माध्यम से प्रस्तुत किया। जहां कुमारी आशा द्वितीय वर्ष ने भी अपनी कविता ष्उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश, भारत की शान उत्तर प्रदेशष् के माध्यम से प्रदेश की उपलब्धियों की सजीव प्रस्तुति की, वही इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. सैनी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए इसके गौरवशाली इतिहास, धार्मिक एवम पौराणिक महत्व के साथ–साथ स्वतंत्रता आंदोलन में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। डॉ. रंजीत सिंह ने अपनी मनोहारी पंक्तियों से गागर में सागर भरते हुए प्रदेश की विशेषताओं को रेखांकित किया। डॉ. विकास ने भी अपने प्रदेश की ऐतिहासिक उपलब्धियों को रेखांकित किया। बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा अंशिका भारती ने जहां अपनी कविता के माध्यम से उत्तर प्रदेश के प्रमुख उत्पादों पर प्रकाश डाला ,वही बी. कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा हर्षिता पांडे ने स्वतंत्रता आंदोलन में प्रदेश के योगदान पर सुंदर कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार जी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बताते हुए प्रदेश के चहुंमुखी विकास पर प्रकाश डाला तथा प्रदेश को उन्नति, सफलता एवं विकास के शिखर पर ले जाने हेतु सभी का आह्वान किया। डॉ महीप कुमार ने कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सभी विद्वत जनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का तकनीकी संचालन डॉ. उपेंद्र कुमार ने किया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों में डॉ.राधाकांत पांडे, डॉ.किशोर कुमार सिंह ,डॉ सुनील कुमार ,डॉ. मीरा यादव, डॉ राजेश प्रसाद, डॉ विनोद बहादुर सिंह, डॉ अमूल्य कुमार सिंह, डॉ विभा पांडे, डॉ. विजय प्रताप यादव, डॉ.नीरज सिंह, डॉ.बीना यादव, डॉ.वैशाली शुक्ला के साथ–साथ महेश पांडे, प्रमोद केसरी, विकास मौर्य धर्मेंद्र इत्यादि कर्मचारी गण भी उपस्थित थे।

# जननायक कर्पूरी ठाकुर की मनाई गई जयंती

दैनिक बुद्ध का संदेश

चोपन/सोनभद्र। नाई समाज की ओर से सोमवार को बिहार के



पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती काली मंदिर के समीप स्थित संस्कार भवन परिसर में धूमधाम से मनाई गई। पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पण कर उनके योगदानों को याद किया। अध्यक्षता कर रहे श्याम नारायण शर्मा ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जननायक नेता थे। उनका जीवन हमेशा कमजोर वर्ग के लोगों के लिए समर्पित रहा। लोगो के लिए ही वह परीश्रम करते रहे। कठिन परीश्रम के बल पर एक बार वह उपमुख्यमंत्री और फिर मुख्यमंत्री बने। झल्लन शर्मा ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर दबे–कुचलों के विकास के लिए लगे रहे वह अपने सरल और सरस हृदय के राजनेता माने जाने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को अपने लोकप्रियता के कारण ही लोग जननायक कहते थे। वहीं ब्लाक सचिव संतोष शर्मा ने बताया कि जननायक कर्पूरी ठाकुर स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक व कुशल राजनीतिज्ञ थे जिन्होंने कई बार विधानसभा चुनाव, दो बार बिहार के मुख्यमंत्री सहित विपक्ष के नेता के रूप में अपना अहम योगदान दिया है। ब्लाक अध्यक्ष विनोद शर्मा ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कर्पूरी ठाकुर ने बिहार और उत्तर भारत की राजनीति में ऐसी लकीर खींच दी है, जिसे छोटा कर पाना किसी के लिए संभव नहीं हुआ। गरीबों और वंचितों के लिए उन्होंने जो किया, वह एक अप्रतिम मिसाल है। पूरे उत्तर भारत में कर्पूरी ठाकुर एक ऐसे समाजवादी नेता के रूप में याद किये जाते हैं, जिनकी कथनी और करनी में कोई फर्क नही था। ब्लाक कोषाध्यक्ष मैनेजर शर्मा ने बताया की आज जिस सामाजिक न्याय की चर्चा पूरे देश में हो रही है, उसे उत्तर भारत में विकसित करने का श्रेय कर्पूरी ठाकुर को जाता है। इस मौके पर सुरेश शर्मा, अनील शर्मा,बब्बन शर्मा,रविंद्र ठाकुर, दिलीप ठाकुर, चंदन ठाकुर, कमलेश ठाकुर, पवन शर्मा, चंदन शर्मा, राम नरेश शर्मा, रामचरण शर्मा, दुर्गा प्रसाद शर्मा, अखिलेश शर्मा, चंद्रकांत शर्मा, अर्जुन शर्मा, संजय शर्मा, मुनेश्वर देवगन, श्याम सुंदर शर्मा इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# यूपी चुनाव में भाजपा की सहयोगी अपना दल ने उतारा मुस्लिम उम्मीदवार

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव काफी दिलचस्प होता दिखाई दे रहा है। उत्तर प्रदेश में मुस्लिम उम्मीदवारों से दूरी बनाने वाली भाजपा की सहयोगी पार्टी अपना दल ने मुस्लिम उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया है। उत्तर प्रदेश में भाजपा या भाजपा के सहयोगी दलों की ओर से ऐसा कदम बेहद ही कम देखने को मिलता है।



अनुप्रिया पटेल की अपना दल एस ने रामपुर की स्वार सीट से हैदर अली खान को टिकट दिया है। आपको बता दें कि इस सीट से समाजवादी पार्टी की ओर से आजम खान के बेटे अब्दुल्लाह आजम भी चुनावी मैदान में है। जाहिर सी बात है कि अब अब्दुल्लाह आजम को हैदर अली से कड़ी टक्कर मिलेगी। हालांकि अपना दल की ओर से इस बात का ऐलान ऐसे वक्त पर हुआ है जब अभी भी भाजपा के साथ सीट बंटवारा नहीं हो पाया है। अपना दल को क्या स्वार सीट मिलने वाली थी या नहीं अब तक यह भी फाइनल नहीं हो सका है। आपको बता दें कि स्वार सीट मुस्लिम बहुल क्षेत्र है। ऐसे में अपना दल की ओर से बड़ा दांव खेला गया है। हैदर अली रामपुर के शाही खानदान से ताल्लुक रखते हैं। उनके दादा जुल्फिकार अली खान रामपुर से 5 बार कांग्रेस के सांसद रहे हैं। पिता काजिम अली खान भी चार बार विधायक रहे हैं। 2014 के बाद यह पहला मौका है जब एनडीए की ओर से चुनाव में मुस्लिम उम्मीदवार उतारा गया है। काजिम अली इस बार भी विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। स्वार की बगल वाली सीट रामपुर से वह कांग्रेस के टिकट पर चुनावी मैदान में है। हालांकि हैदर अली ने चुनाव से ठीक पहले यू–टर्न ले लिया है। उन्हें पहले कांग्रेस की ओर से टिकट दिया गया था। हालांकि वह यू–टर्न लेते हुए अपना दल में शामिल हुए और अब वह स्वार सीट से अपना दल की ही टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। हैदर अली अचानक ही अनुप्रिया पटेल से मिलने दिल्ली पहुंचे थे। मुलाकात के बाद अपना दल की ओर से स्वार सीट पर उन्हें आधिकारिक प्रत्याशी घोषित किया था। 2017 में इस सीट पर आजम खान के बेटे अब्दुल्लाह आजम ने चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी।

## देशी मिजाज के राजनेता थे कर्पूरी ठाकुर

बस्ती । सोमवार को जन नायक कर्पूरी ठाकुर को उनके 98 वीं जयन्ती पर याद किया गया। शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष पवन वर्मा के नेतृत्व में रंजीत कालोनी में कार्यक्रम आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण के साथ ही उन्हें नमन् करते हुये योगदान पर प्रकाश डाला। शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष पवन वर्मा ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर देशी माटी में जन्मे देशी मिजाज के राजनेता थे जिन्हें न पद का लोभ था, न उसकी लालसा और जब कुर्सी मिली भी तो उन्होंने कभी उसका न तो धौंस दिखाया और न ही उसका तामझाम। मुख्यमंत्री रहते हुए सार्वजनिक जीवन में ऐसे कई उदाहरण हैं जब उन्होंने कई मौकों पर सादगी की अनूठी मिसाल पेश की। भारतीय राजनीति में ऐसे विलक्षण राजनेता कम ही मिलते हैं। शायद इसीलिए कर्पूरी ठाकुर को सिर्फ नायक नहीं अपितु जननायक कहा गया। मांग किया कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया जाय। कांग्रेस अध्यक्ष अंकुर वर्मा ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जैसे जन नेता से नई पीढी को प्रेरणा लेना चाहिये। वे आजीवन समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिये प्रयासरत रहे। कार्यक्रम को कांग्रेस शहर अध्यक्ष सचिन शुक्ल, आदित्य त्रिपाठी, दुर्गेश त्रिपाठी आदि ने सम्बोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ तथा बिहार राज्य के दूसरे उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं कर्पूरी ठाकुर का जन्म भारत में ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के एक गाँव पितौंझिया, जिसे अब कर्पूरीग्राम कहा जाता है, में हुआ । भारत छोड़ो आन्दोलन के समय उन्होंने 26 महीने जेल में बिताए थे। उनकी जड़ें जनता–जनार्दन के बीच गहरी थीं। तब संचार के इतने सशक्त माध्यम नहीं थे।

# मुझे पीटते हैं दयाशंकर सिंह, बहुत खराब आदमी से हो गई शादीय योगी सरकार की मंत्री स्वाति सिंह का ऑडियो वायरल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार में महिला और बाल विकास मंत्री स्वाति सिंह क्या घरेलू हिंसा की शिकार हैं? उन्हें पति दयाशंकर सिंह पीटते हैं? योगी सरकार की मंत्री स्वाति सिंह का एक कथित ऑडियो वायरल होने के बाद ये सवाल उठ रहे हैं। वायरल ऑडियो में स्वाति सिंह एक ऐसे शख्स से बातचीत कर रही हैं, जो उनके पति दयाशंकर सिंह की शिकायत कर रहा है। इस दौरान वह कहती हैं कि उनके बीच बातचीत का दयाशंकर सिंह को पता नहीं लगना चाहिए, नहीं तो उन्हें पीटा जाएगा। हालांकि, इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है। स्वाति सिंह इस ऑडियो में कहती हैं, मेरे स्थिति थोड़ी अलग है। उन्हें पता चलेगा तो वह आदमी मुझे भी मारना पीटना बहुत करते हैं। लेकिन मैं कभी यह नहीं चाहूंगी कि किसी निर्दोष व्यक्ति के साथ कभी ऐसा हो। सारी दुनिया जाती है कि हम दोनों



पति–पत्नी के रिश्ते कैसे हैं। मैं खुद इन चीजों (मारपीट) का विरोध करती हूं।श्श वह यह भी कहती हैं कि दयाशंकर सिंह और उनके भाई मारने पीटने की सारी सीमा पार कर देते हैं। स्वाति सिंह फोन पर आगे कहती हैं, श्श्आप मुझे वह पेपर वगैरा सब दे दीजिए। दयशंकर जी को पता ना चले कि मेरे से आपकी बात हुई है। क्योंकि ये दयाशंकर जी धर्मेंद्र जी सब... क्या बोलूं। मैं तो भगवान से कहती हूं कि मेरे साथ बहुत गलत हो गया, ऐसे व्यक्ति से मेरी शादी हुई है, जिसकी भरपाई तो मैं कर ही नहीं सकती हूं। यह दयाशंकर सिंह और उनके भाई को ना पता लगे। टिकट के लिए भी है झगड़ा

गौरतलब है कि स्वाति सिंह और उनके पति दयाशंकर सिंह के बीच लखनऊ की सरोजिनी नगर विधानसभा सीट के लिए भी जंग छिड़ी हुई है। यहां से योगी सरकार की मंत्री स्वाति सिंह टिकट की दावेदार हैं तो उनके पति और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह भी दावेदारी पेश कर रहे हैं। इस समय पत्नी स्वाति सिंह इस सीट से विधायक हैं और योगी सरकार में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं।

पति–पत्नी के संबंधों पर भी होती हैं बातेंः लव मैरिज करने वाले दयाशंकर और स्वाति के बीच रिश्ते लंबे समय से खराब चल रहे हैं। साल 2008 में स्वाति ने पति दयाशंकर के खिलाफ मारपीट की एफआईआर भी दर्ज कराई थी। हालांकि, दोनों ने कभी इस झगड़े को सार्वजनिक मंच पर सामने नहीं आने दिया। इससे पहले स्वाति सिंह पर भाभी के साथ मारपीट करने, बिना तलाक लिए भाई की दूसरी शादी कराने और भाभी को घर से निकालने का आरोप लगा था। स्वाति के खिलाफ मुकदमा उनके अपने सगे भाई की पत्नी आशा सिंह ने दर्ज कराया था। ये मामला करीब 11 साल पुराना है। पति के बचाव में सुर्खियों से आईं स्वाति और बनीं मंत्रीः 2017 विधानसभा चुनाव से पहले दयाशंकर सिंह ने बसपा सुप्रीमो मायावती पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी थी, जिसके बाद बसपा कार्यकर्ताओं ने नसीमुद्दीन सिद्दीकी की नेतृत्व में लखनऊ में बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान बसपा कार्यकर्ताओं ने दयाशंकर सिंह की पत्नी स्वाति सिंह और बेटी पर आपत्तिजनक नारे लगाए थे। इसके जवाब में स्वाति मैदान में आईं और महिला सम्मान के नाम पर मायावती सहित बसपा के 4 बड़े नेताओं के खिलाफ हजरतगंज थाने में केस दर्ज कराया। मायावती के खिलाफ जिस तरह से स्वाति मुखर हुईं, उससे भाजपा को एक संजीवनी मिलती दिखी। इसी का नतीजा था कि जिस सीट पर बसपा की जीत पक्की मानी जा रही थी वहां स्वाति ने बाजी पलटी और जीत हासिल की। इसके बाद भाजपा ने स्वाति को मंत्री पद का तोहफा दिया।

# कविता

## पिता–पुत्र का मोह

लिया जन्म जब एक शिशु ने अपनी अम्मा के गोद से,
मूर्छित पड गयी प्यारी अम्मा अपार दर्द के कोड़ से।

बच्चा अतिशय रुदनशील था इस दुनिया के शोर से,
चढ़ी धीमी मुस्कान शिशु पे जब हुई स्पर्श पिता के होठ से।

पिता परिश्रम दुगिनी हो गयी अपने बाबू की मोह मे,
धन संचय अब बढ़ने लगी पुत्र–प्रेम के मोह मे ।

ज्ञान–अर्जन के योग्य हो गये बाबू जीवन के रिश्तों मे,
पहली शिक्षा पिता ने दे दी संस्कार की महतो मे।

दाढ़ी मुछ की रेख आ गयी बाबू साहब के मुखड़े पे,
पिता का कंधा झुकने लग गया घर खर्चे के बोझ से।


शीतलहर घिरी थी ,माघ महिना पिता ठिठुर गये ठंढ से,
लगा बिलखने उनका बबुआ भर भर अंखिया लोर से।

साथी कोई नही खड़ा था उस बचवा के ओर से,
मिली खबर जब पंकज सिंह को घर पहुँचे अतिजोर से ।

डॉक्टर साहब लगे देखने पिता शरीर को गौर से,
बबुआ को समझाया डॉक्टर ने , देखा है मैंने ठीक से ।

गहरा हो गया अब और भी बाप पूत को मोह रे,
कैसे तेजेंगे वो दोनो अपने अपने प्राण रे ।

हे प्रभु अटुट प्रेम है इन दोनो के बीच रे,
क्या लिखा तेरी कलम ने इनके इनके भाग्य मे



**गोरखपुर–**
**नवरतन तिवारी/**
**दैनिक बुद्ध का संदेश**

# योगी की अगुवाई में भाजपा फिर से यूपी में सरकार बनाएंगी:ज्ञान तिवारी

रेउसा (सीतापुर) ।सेवता विधानसभा से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी घोषित होने के बाद विधायक ज्ञान तिवारी ने अपने विधायक कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड जनता के समक्ष पुस्तक के जरिए पेश किया और अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। रामपुर मथुरा क्षेत्र के चकदहा में विधायक ज्ञान तिवारी ने सरकार की विकास, रोजगार, कानून व्यवस्था, किसान, युवा, महिलाओं के मुद्दे पर उपलब्धियां गिनाई तो पूर्ववर्ती सरकार व जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों पर भी जमकर निशाना साधा। इस दौरान विधायक ने कहा कि योगी की अगुवाई में भाजपा फिर से यूपी में सरकार बनाएंगी। विधायक ने कहा हमारे साढ़े चार साल के शासन के बाद अब सुशासन और विकास सेवता की पहचान है। विधायक ने कहा कि यह वहीं इलाका है जहां माफिया और अपराधी दहशत का माहौल बनाए थे। आपने पिछले जिम्मेदार का कार्यकाल भी देखा होगा। हम योगी राज में पूरी तरह से लोक कल्याण के लिए संकल्पित है। हमने हर वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ व गाँव गाँव विकास पहुंचाया है। विधायक ने कहा उन्होंने अपने कार्यकाल में सेवता विधानसभा के विकास के लेकर पूरे मनोयोग से प्रयास किया है।

रेउसा चौराहे को अटल चौक के रूप में विकसित करने के साथ ही विधानसभा क्षेत्र में अग्निशमन केंद्र की स्थापना बाढ़ के स्थाई समाधान को लेकर विभिन्न परियोजनाओं पर काम किया। इसके साथ ही तंबौर मार्ग का चौड़ीकरण चार गौशालाओं का निर्माण, केवानी नदी पर बायोटेक पार्क की स्थापना, स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण, कायाकल्प के तहत स्कूलों का सुंदरीकरण, थानगांव से रामपुर मथुरा होते हुए गोंडा देवरिया तक संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण की स्वीकृति, राजकीय नलकूपों का निर्माण, आवास–शौचालय के साथ ही ग्राम सभाओं में सामुदायिक शौचालय व पंचायत भवन का निर्माण कर चहलारी पुल पर पक्के घाटों का निर्माण, प्रत्येक गांव में सड़कों का जाल, भानीपुर से रमवापुर मार्ग, राई चौका नदी पर सेतु व कमेस्वर नाथ मंदिर तक रोड निर्माण की स्वीकृति, 22 किसानों की कर्ज माफ ी, किसान कल्याण केंद्र का निर्माण व गांव गांव हैंडपंपों की स्थापना, हाई स्कूल के निर्माण के साथ ही स्वास्थ्य केंद्र जहांगीराबाद को संपर्क मार्ग जोडने का काम किया गया है। इसके साथ ही हर गांव में इंटरलॉक सीसी सहित अन्य प्रमुख सड़कों के निर्माण को गति दी गई है।

विधायक ने कहा 2022 में पुनरू उत्तर प्रदेश में योगी सरकार बने इसके लिए जरूरी है। यह विधानसभा 2017 की तरह भारी मतों से जीते इसके लिए एकजुट होकर सबको भाजपा के पक्ष में मतदान करना होगा। विधायक ने कहा पूरे विधानसभा क्षेत्र में विकास के कार्यों को गति देने का प्रयास किया गया है। कोरोना का काल होने के कारण विकास में बाधा आई है। लेकिन मोदी योगी सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद परिवार तक पहुंचाने के साथ ही हर गांव को विकास की मुख्यधारा से जोडने का काम किया गया। वहीं विधानसभा क्षेत्र को जिले की प्रमुख व विकसित विधानसभा बनाने के लिए अभियान चलाकर कार्य हुए हैं। बहुत कुछ शेष रह गया है जो कि 2022 में पुनरू योगी सरकार बनने के बाद उन कामों को गति दिया जाएगा। उन्होंने लोगों से देशहित, प्रदेशहित व विकास हेतु क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में जन समर्थन मांगा।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की भव्य प्रतिमा लगेगी शहीद पार्क में :आशीष मिश्रा

सीतापुर ।देश आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती मना रहा है। आज ही के दिन यानी 23 जनवरी 1897 को सुभाष चंद्र बोस का जन्म ओडिशा के कटक में हुआ था। उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन कर देश की आजादी के लिये लड़े थे। आज भी उनकी प्रेरक बातें रग–रग में देशभक्ति का जज्बा जगाती है, नेता जी का आजादी आन्दोलन के समय भी सीतापुर आना हुआ था व कुछ पुराने लोगो के अनुसार सीतापुर के मुजेहना में मौनी बाबा के रूप में भी नेताजी सीतापुर में रहे। जिस पर केन्द्र सरकार व सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित जांच आयोग ने सीतापुर आकर जांच भी की इसलिये सीतापुर के स्थानीय शहीद पार्क में नेता जी की भव्य प्रतिमा हर हाल में लगनी चाहिये, इसके लिये सरकार से मांग की जायेगी। वरना नेताजी स्मारक समिति जिसमे सीतापुर के इतिहासकार, समाजसेवी, पत्रकार, लेखक, चिंतक शामिल होंगे एक भव्य प्रतिमा जनसहयोग से शहीद पार्क में लगवायेंगे। इस आशय की जानकारी पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कार्यक्रम में बोलते हुए की। कार्यक्रम में परिचर्चा में भाग लेते हुए मुख्य वक्ता प्रख्यात साहित्यकार अरुणेश मिश्र ने कहा कि श्याद रखिये सबसे बड़ा अपराध अन्याय सहना और गलत के साथ समझौता करना है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के इस कथन से यह स्पष्ट है कि हमें न तो अन्याय सहना चाहिये और न ही गलत के साथ किसी भी तरह का समझौता करना चाहिये। आज के समय मे फैली हुई तमाम विसंगतियां दूर हो सकती है, अगर हम नेताजी के इस उद्घोष पर अमल करना शुरू कर दे। रमाशंकर मिश्र ने कहा कि नेताजी के आदर्श और बलिदान हर भारतीय को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे। हिन्दी सभा के महामंत्री रजनीश मिश्र ने बोलते हुए कहा कि आजाद हिन्द फौज की अगुवाई उनके विराट व्यक्तित्व का दूसरा चमकीला पहलू है। उनका पराक्रम उनके प्रति श्रद्धानत करता है। पहले अहिंसक रास्ते और फिर ब्रिटिश सत्ता से सीधे युद्ध के जरिये पराधीनता की बेडियों से मुक्ति का यह संघर्ष विलक्षण और अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि शहीद पार्क में नेताजी की प्रतिमा लगाने के लिये हम सब आज के दिन संकल्प लेते है। इस अवसर पर गीतकार जीएल गांधी व राजबहादुर वर्मा ने नेता जी के सम्बंध में गीत गाकर माहौल को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम के बाद सभी लोगों ने अस्वस्थ चल रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिव नारायण शर्मा के घर जाकर उनको नेताजी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया। शिव नारायण शर्मा ने कहा कि आज के दिन ऐसा सम्मान पाकर वह अभिभूत है और शहीद पार्क में नेताजी की प्रतिमा के लिए वो अपनी पेंशन से सहयोग करेंगे। कार्यक्रम का संचालन रमाशंकर मिश्र ने किया। कार्यक्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष आशीष मिश्रा, भगवती गुप्त, श्रवण बाजपेई, रजनीश मिश्र, अरुन शर्मा बेधड़क, रमाशंकर मिश्र, राजबहादुर वर्मा, बैकुंठ सागर, सर्वेश सिंह, शक्ति आहना, वीरेन्द्र तिवारी, मंजू शुक्ला, तृप्ति कौर सुषमा मोहन पांडेय आदि मौजूद रहे।

## पैंदापुर के ग्रामीणों ने गौवंशो को प्राथमिक पाठशाला में किया बंद

हरदोई(आरएनएस) ।बिलग्राम तहसील के अंतर्गत ग्राम पैंदापुर के किसानों ने आवारा गौवंशों को प्राइमरी पाठशाला में बंद करने का काम किया। यहां के किसानों ने कई बार प्रशासन को सूचना दी लेकिन प्रशासन की लापरवाही के कारण आवारा जानवर किसानों की खेतों में खड़ी फसल नष्ट कर रहे थे। आवारा जानवरों से किसान परेशान है। प्रशासन द्वारा कोई भी ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। राष्ट्रीय सचिव समाजवादी लोहिया वाहिनी के रामज्ञान गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार में बनी गौशाला सिर्फ कागजों तक सीमित हैं अगर गौशाला बनी होती तो आवारा जानवरों को स्कूल में बंद करने की नौबत क्यों आती है।

# रैली में भेजी गई बसों के भुगतान में लाखों रुपये का सीतापुर डिपो में हुआ बंदरबांट

## रोडवेज अनुबंधित बस मालिकों ने चक्का जाम का दिया एआरएम को ज्ञापन, नहीं दिया बस मालिकों को भुगतान

सीतापुर। (आरएनएस )10 एवं 11 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बलरामपुर में रैली थी। जिसके लिए सीतापुर डिपो से 59 बसें मांगी गई थी। एआरएम सीतापुर राकेश कुमार द्वारा सीतापुर डिपो से अनुबंधित 59 बसों को बहराइच भेजा गया था। प्रत्येक बस में ड्राइवर के साथ परिचालक भी साथ गया था। एआरएम सीतापुर के अनुसार प्रत्येक बस मालिक को रुपये 15000 का नकद भुगतान होना विभाग द्वारा सुनिश्चित था। करीब तीन दिन बाद जब बसें वापस सीतापुर आयी तो बस मालिकों द्वारा एआरएम सीतापुर से रैली में गयी अपनी बसों का भुगतान मांगा गया तो एआरएम ने ये कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया। उन्होंने कहा कि बसें बहराइच भेजी गई थी तो भुगतान की जिम्मेदारी भी बहराइच डिपो की ही है। गाड़ी मालिकों ने बहराइच के एआरएम से सम्पर्क किया तो उन्होंने करीब एक माह बाद पांच लाख पच्चासी हजार रुपये सीतापुर डिपो कैशियर इजराइल व अन्य विभागीय कर्मचारी को प्राप्त कराए। ये कहकर कि सीतापुर डिपो से प्रधानमंत्री रैली में आई सभी 59 बस मालिकों को बराबर बराबर वितरित कर दिया जाए। परन्तु उक्त भुगतान राशि को बराबर राशि में न वितरित करके सीतापुर डिपो के अधिकारियों की सहमति पर कुछ बस मालिकों को मिलाकर आपस में ही उक्त धनराशि का बंदरबांट कर लिया गया। करीब एक माह तक एआरएम राकेश कुमार छिपाते रहे कि सीतापुर डिपो में रैली भुगतान का रुपया लाया गया है। परंतु जब बस मालिकों ने एआरएम सीतापुर पर दबाब बनाया व उच्च अधिकारियों तक जाने की बात कही और साथ ही एआरएम बहराइच द्वारा सीतापुर डिपो के कैशियर द्वारा पाँच लाख पच्चासी हजार रुपये सीतापुर डिपो भेजने का एक विभागीय पत्र उच्च अधिकारियों को भेजा गया। तब एआरएम सीतापुर राकेश कुमार ने स्वीकारा कि रैली भुगतान आया है। परंतु लगभग दो माह से ज्यादा होने पर भी बस मालिकों को भुगतान नहीं दिया गया। बहराइच से आये भुगतान को जबकि एआरएम सीतापुर की जिम्मेदारी बनती थी कि रैली भुगतान की सम्पूर्ण धनराशि को रैली में गयी सभी 59 बसों में बराबर बराबर धनराशि के रूप में बांट देना चाहिए था। परन्तु रैली भुगतान के रुपयों का बंदरबांट कर लिया गया। पात्र वाहन स्वामी भुगतान के लिए विभाग के चक्कर लगा रहे हैं। जब इस सम्बंध में एआरएम सीतापुर राकेश कुमार से भुगतान हेतु बात की जाती हैं तो वो कहते है कि अनुबंधित यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष को सारा रुपया दे दिया गया। सोचने योग्य बात है कि आखिर क्षेत्रीय अध्यक्ष जो कि परिवहन विभाग के कर्मचारी भी नहीं है। उनको किस अधिकार के तहत पांच लाख पच्चासी हजार रुपये दे दिए गये। उत्तर प्रदेश परिवहन सीतापुर डिपो के इस गैर जिम्मेदाराना रवैये से जहाँ एक और भारतीय जनता पार्टी की छवि खराब हो रही हैं। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि को भी उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग सीतापुर डिपो खराब कर रहा है। इसी भुगतान को लेकर नाराज अनुबंधित बस मालिकों ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सीतापुर को एक ज्ञापन सौंपा। जिसके अनुसार यदि 30 जनवरी तक रैली का भुगतान नहीं मिलता है तो 31 जनवरी को सभी बस मालिक अनुबंधित बसों का चक्का जाम करेंगे। सूत्रों की माने तो प्रधानमंत्री की रैली पर भी विपक्षी तरह तरह के आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। चुनाव सिर पर है और सीतापुर परिवहन विभाग सीतापुर डिपो के अधिकारी भारतीय जनता पार्टी की साफ सुथरी छवि को मिट्टी में मिलाने में तुले हुए हैं। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के अनुसार जो पांच लाख पच्चासी हजार रुपये 59 बसों का भुगतान आया था। वो सभी बसों में बराबर धनराशि में बांटा जाना चाहिए था जो भी भुगतान धनराशि आयी थी वो अनुबंधित बस यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने प्राप्त की। सोचने वाली बात यह है कि आखिर इतनी बड़ी रकम किस आधार पर तथा किसके आदेश से एक गैर विभागीय व्यक्ति को दे दी गई।

## जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने किया टीईटी परीक्षा का सघन निरीक्षण

हरदोई(आरएनएस) ।जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के साथ राजकीय बालिका इंटर कालेज, आरआर इंटर कालेज तथा सीएसएन कालेज हरदोई के प्रत्येक कक्ष में चल रही टीईटी परीक्षा का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कुल परीक्षार्थियों के पहचान पत्र एवं अन्य आईडी देखी तथा कक्ष निरीक्षकों को निर्देश दिये कि परीक्षा के समय तक कक्ष का भ्रमण करते रहें। उन्होने उपस्थित प्रबन्धक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि परीक्षा के दौरान कोई भी बाहरी व्यक्ति को कालेज में प्रवेश न करने दें और कोरोना प्रोटोकाल के तहत समस्त स्टाफ एवं परीक्षार्थियों को मास्क लगवायें। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित पुलिस फोर्स को निर्देश दिये कि परीक्षा के समय तक कालेज के आस–पास किसी व्यक्ति को ठहरने न दें और आस–पास की दुकानें सख्ती से बन्द करायें। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार भी उपस्थित रहे।

## कंटेनर और ट्रक की आमने सामने हुई जोरदार भिड़ंत, चालक गंभीर रूप से हुआ घायल

हरदोई(आरएनएस) ।लोनार थाना क्षेत्र के कटरा–बिल्हौर मार्ग पर बरसोहिया गांव के पास दोपहर हिमाचल प्रदेश से चूना भर कर मध्य प्रदेश जा रहा एक ट्रक फर्रुखाबाद की ओर जा रहे कंटेनर से भिडंत हो गई ।जिससे ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। कई घंटे तक घायल अवस्था में चालक तड़पता रहा। दुर्घटना के बाद मार्ग पर लंबा जाम लग गया ।मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी मंगवा कर दोनों वाहनों को हटवा कर जाम खुलवाया। प्रतापगढ़ जिले के कन्हैया हनुमानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सराय नकारा गांव निवासी ट्रक चालक अजय कुमार पाल 32 वर्ष पुत्र हीरालाल पाल हिमाचल प्रदेश से चूना भरकर मध्य प्रदेश जा रहा था। लोनार थाना क्षेत्र के बरसोरिया गांव के पास कटरा बिल्हौर मार्ग पर गांव के पास फर्रुखाबाद की ओर जा रहे एक कंटेनर से ट्रक की भिड़ंत हो गई। जिसमें ट्रक चालक अजय कुमार पाल गंभीर रूप से घायल हो गया ।ग्रामीणों ने ट्रक के शीशे काटकर उसे बाहर निकाला। ट्रक में मौजूद परिचालक शाहबाज पुत्र जाहिर अली निवासी दिलावरपुर थाना कोतवाली देहात जिला कानपुर बाल–बाल बच गया। करीब एक घंटे तक ट्रक चालक घायल अवस्था में तड़पता रहा. सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने चालक का अस्पताल में भर्ती कराया, वहीं दुर्घटना के कटरा बिल्हौर मार्ग पर लंबा जाम लग गया। लोनार के प्रभारी निरीक्षक इंद्रेश यादव ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी से दोनों बहनों को हटवा कर जाम खुलवाया गया, वही लगभग 3 घंटे तक जाम लगा रहा ।जाम के झाम में पूरी तरीके से यातायात प्रभावित हो गया था।

## रोड शो,पद यात्रा,साइकिल, बाइक, वाहन रैली तथा जुलूस 31 जनवरी तक पूर्णता प्रतिबन्धित:–डीएम

हरदोई(आरएनएस) ।जिला निर्वाचन अधिकारीधजिला अधिकारी अविनाश कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 31 जनवरी 2022 तक जनपद में कहीं भी रोड शो,पद यात्रा,साइकिल,बाइक, वाहन रैली तथा जुलूस पूर्ण से प्रतिबन्धित रहेगें। उन्होने कहा है कि इस दौरान राजनैतिक दल एवं निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवार अधिकतम 500 व्यक्तियों अथवा मैदान की क्षमता के 50 प्रतिशत तक भौतिक रूप से मीटिंग्स की अनुमति दी जायेगी और डोर टु डोर कैम्पेन के तहत 5 व्यक्तियों के स्थान पर 10 लोगों के साथ प्रचार कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी राजनैतिक दल आयोग के निर्देशानुसार कोविड के अनुरूप व्यवहार एवं निर्वाचन संबंधी सभी गतिविधियों के दौरान आदर्श आचार संहिता के समस्त निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य रूप से करें और वीडियो वैन के साथ खाली जगह में काविड मानकों को अनुसरण करते हुए जगह की क्षमता का 50 प्रतिशत अथवा 500 व्यक्ति प्रचार प्रसार कर सकते हैं बशर्ते जन साधारण को और ट्रैफिक के आवागमन में कोई असुविधा न हो। उन्होने कहा है कि राजनैतिक दलों हेतु अधिकतम 300 व्यक्तियों अथवा हाल की क्षमता के 50 सीमा के तहत इन्डोर मीटिंग की अनुमति आयोग द्वारा पूर्व में दी गयी।

## तेंदुआ ने हमला कर 04 किसानों को किया घायल

हरदोई(आरएनएस) ।जिले के कोतवाली लोनार क्षेत्र के सकरौली में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीण दहशत में हैं ।खेतों की रखवाली कर रहे किसान नरेश चन्द्र द्विवेदी व तीन अन्य पर तेंदुआ ने हमला किया। लोनार पुलिस ने किसानों से सतर्कता बरतने की अपील की है। सकरौली तथा आसपास के किसानों को सचेत रहने और खेतों में ना जाकर घरों में रहने की सलाह दी है ।लोनार पुलिस ने बेहद जरुरी होने पर ग्रुप बनाकर जाने की किसानों से अपील की है। दहशत में सकरौली और आसपास के गाँवों के ग्रामीण, तेंदुआ आने की वन –विभाग और उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई है। एक तरफ किसान आवारा गौवंशो से फसल की रखवाली कर रहा है, और दूसरी तरफ तेंदुआ का हमला हो रहा है, जिससे किसान दोहरी परेशानी झेलता नजर आ रहा है। ग्राम प्रधान मधु पाठक के पुत्र प्रधान प्रतिनिधि निखिल पाठक ने घायल ग्रामीणों को अस्पताल ले गए हैं, तेंदुआ की दस्तक और घायलों की सूचना से इलाके में दहशत का माहौल है ।थाना लोनार पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को जिला अस्पताल हरदोई में भर्ती कराया गया तथा वन विभाग टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है ।

## विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब,उपकरण,अभियुक्तों की गिरफ्तारी,नाजायज असलहे कोविड व यातायात नियमों के उल्लंघन हेतु की वसूली

हरदोई(आरएनएस) ।विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए कुल 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 745 ली अवैध कच्ची शराब,शराब बनाने की 3 अवैध भट्ठी बरामद कर भारी मात्रा में लहन नष्ट किया गया ।कुल 21 विवेचनाओं का निस्तारण, यातायात नियमों का उल्लंघन में 47 वाहनों का चालान करते हुए 71500 रू का जुर्माना वसूल किया गया ।मास्क न धारण करने और सार्वजनिक स्थानों में थूकने पर 112 व्यक्तियों का चालान करते हुए कुल 12800 रू का जुर्माना वसूल किया गया।

जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार,थाना संडीला पुलिस द्वारा 1 अभियुक्तको गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 अदद तमंचा,2 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया ।कोतवाली शहर पुलिस द्वारा 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 340 ली अवैध कच्ची शराब,बनाने के उपकरण बरामद कर विधिक कार्यवाही की गई। थाना टड़ियावां पुलिस द्वारा 1 अभियुक्त गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 105 ली अवैध कच्ची शराब और बनाने के उपकरण बरामद किए ।थाना अतरौली पुलिस द्वारा 4 अभियुक्त गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 120 ली अवैध कच्ची शराब और बनाने के उपकरण बरामद किए ।थाना बेनीगंज पुलिस द्वारा 2 अभियुक्त गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 60 ली अवैध कच्ची शराब और बनाने के उपकरण बरामद किए ।थाना मल्लावां पुलिस द्वारा 1अभियुक्त गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40 ली अवैध कच्ची शराब और बनाने के उपकरण बरामद किए ।थाना बघौली पुलिस द्वारा 1अभियुक्त गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40 ली अवैध कच्ची शराब और बनाने के उपकरण बरामद किए ।थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 1अभियुक्त गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 40 ली अवैध कच्ची शराब और बनाने के उपकरण बरामद कर विधिक कार्यवाही की गई। कोविड के मद्देनजर मास्क न धारण करने और सार्वजनिक स्थानों में थूकने पर 112 व्यक्तियों का चालान करते हुए कुल 12800 रू का जुर्माना वसूल किया गया ।24 घंटे के अंदर कुल 21 विवेचनाओं का निस्तारण किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन में 47 वाहनों का चालान करते हुए 71500 रू का जुर्माना वसूला गया ।24 घंटे के अंदर विभिन्न धाराओं में कुल 51अभियुक्त गिरफ्तार किए गए ।पुलिस ने कार्यवाही करते हुए कुल 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 745 ली अवैध कच्ची शराब,शराब बनाने की 3 अवैध भट्ठी बरामद कर भारी मात्रा में लहन नष्ट किया गया।

## पाली रोडवेज बस अड्डा शीघ्र बनवाए जाने की मांग

हरदोई(आरएनएस) ।पंद्रह साल बीत जाने के बाद भी पाली नगर में रोडवेज बस अड्डा बनने का ख्वाब अधूरा का अधूरा ही है। पाली रोडवेज बसाड्डा अब सिर्फ चुनावी वादा बनकर रह गया है। वर्ष 2006 में क्षेत्रीय जनो की मांग और तत्कालीन परिवहन मंत्री नरेश अग्रवाल ने पाली कस्बे में रोडवेज बस अड्डा बनाये जाने के लिए परिवहन विभाग से मंजूरी दिला दी थी। जिसके बाद परिवहन निगम ने पाली शाहाबाद मार्ग पर बैरियर चौराहे के निकट बाबरपुर ग्राम समाज की भूमि का चयन किया था, जिस पर भूमि प्रबंधन समिति बाबरपुर ने दिनांक 16 सितंबर सन 2006 को प्रस्ताव पर मोहर लगा दी थी व कुल भूमि रकवा 0.360 हेक्टेयर परिवहन निगम को सौप दी थी, जिसके सापेक्ष 3 लाख 62 हजार 6 सौ 55 रुपये की धनराशि को बाबरपुर ग्राम पंचायत के खाते में जमा करा दिया गया था। परिवहन निगम ने भूमि की पैमाइश कराकर भूमि पर बोर्ड भी लगवा दिया था, क्योंकि इससे पूर्व पाली नगर के मोहल्ला शेख सराय निवासी श्याम सुंदर ने उक्त भूमि का कृषि पट्टा करा लिया था, जैसे ही यह बात तहसील प्रशासन के संज्ञान में आई तो उसने पट्टे निरस्त कर दिए थे। जिस पर श्याम सुंदर ने दीवानी न्यायालय हरदोई में 122बी(4एफ) के तहत अपने सजातीय लोगो सहित कुल 37 लोगो का कब्जा दर्शाकर मुकदमे की पुनः सुनवाई के लिए अपील कर दी थी। अब हालात ये है कि 15 वर्षो के बाद भी परिवहन निगम सिर्फ चिट्ठियों तक ही सीमित है।


लालू ,सुबोध शुक्ला निवासी पाली – बताते हैं कि रोडवेज बसअड्डे के ना होने से सबसे अधिक नुकसान व्यापारियों को उठाना पड़ता है, क्यो कि व्यापारियों को हर हफ्ते माल(समान) खरीदने के लिए मजबूरन निजी वाहनो से दूसरे शहरों में जाना पड़ता है जिसका सीधा असर उनके व्यापार पर पड़ता है।

## सकरन पुलिस ने एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक जनपद सीतापुर के द्वारा जनपद सीतापुर में अपराध एवं अपराधियों तथा अवैध शराब पर नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व क्षेत्राधिकारी बिसवां व थानाध्यक्ष सकरन के कुशल निर्देशन में थाना सकरन पुलिस द्वारा 1 नफर अभियुक्त केशव गोंडिया पुत्र दीनदयाल उम्र करीब 44 वर्ष निवासी लखनियापुर थाना सकरन पुलिस को एक अदद व दो कारतूस के साथ गिरफ्तार कर थाने स्तर पर विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः– राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# ऑनलाइन लर्निंग के दौरान बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए अपनाएं ये तरीके



जहां कोरोना के बढ़ते मामलों के कारण कई ऑफिस ने अपने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम दे रखा है। वहीं, कई स्कूल ने भी ऑनलाइन लर्निंग को प्राथमिकता दी हुई है। अगर आपका बच्चा भी ऑनलाइन लर्निंग से जुड़ा है तो आपको उसके माहौल से लेकर खान–पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने बच्चे को ऑनलाइन लर्निंग के दौरान स्वस्थ रख सकते हैं।

यह स्टोरी क्यो महत्वपूर्ण है?: कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के कारण स्कूल बंद रहने से छात्रों का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हुआ है। इसका मुख्य कारण उनके अपने मित्रों से न मिलना, शारीरिक गतिविधि में कमी, खराब शारीरिक पॉश्चर और काफी देर तक मॉर्डन गैजेट्स में लगे रहना आदि है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि माता–पिता अपने बच्चे का ऑनलाइन लर्निंग के दौरान अतिरिक्त ध्यान रखें। इसके लिए आप नीचे दी गई टिप्स अपना सकते हैं।

एक आरामदायक स्टडी स्पेस करें तैयार

अगर आप यह चाहते हैं कि आपके बच्चे का ध्यान सिर्फ पढ़ाई में लगे तो घर पर एक अच्छा स्टडी स्पेस तैयार करें। इसके लिए कमरे में एक टेबल और कुर्सी रखें। वहीं, टेबल पर रखे जाने वाले लैपटॉप की स्क्रीन ब्राइटनैस और कंट्रास्ट को ऐसे सेट करें, जिससे बच्चे की आंखें सुरक्षित रहें। वहीं, लैपटॉप को इस तरह ऊंचा रखे, जिससे बच्चे का सिर और लैपटॉप समानांतर हो और उसकी अपनी गर्दन को झुकाना न पढ़े।

स्वास्थ्यवर्धक खान–पान के दें विकल्पः बात चाहें ऑनलाइन लर्निंग की हो या फिर खेलकूद की, बच्चे के खान–पान पर अतिरिक्त ध्यान दें। बेहतर होगा कि आप बच्चे को मीठे, प्रोस्टेड और पैक फूड के साथ–साथ कार्बोनेटेड जैसी चीजें खाने–पीने से रोकें क्योंकि ये उसके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए जहां तक संभव हो हेल्दी स्नैकिंग पर जोर दें और बच्चे की स्टडी टेबल पर पानी, मेवे और फल आदि रखें ताकि जब उसे भूख लगे तो वह अपेक्षाकृत एक हेल्दी विकल्प को चुनें।

छोटे–छोटे ब्रेक लेने को कहें

अगर आपका बच्चा लंबे समय तक लैपटॉप के सामने बैठा रहेगा तो हो सकता है कि इसके कारण उसे सिर में दर्द, आंखों में दर्द या फिर गर्दन में दर्द का सामना करना पड़ जाए। वहीं, इससे बच्चे के दिमाग पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और वह खुद को बहुत थका हुआ महसूस कर सकता है। इससे बचने के लिए आप बच्चे को ऑनलाइन लर्निंग या एक्टिविटीज के दौरान छोटे–छोटे ब्रेक लेने को कहें।

नियमित तौर पर करवाएं कुछ स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज

अगर आप यह नहीं चाहते हैं कि ऑनलाइन लर्निंग के दौरान आपका बच्चा कई तरह के शारीरिक दर्द से बचा रहें तो उसे रोजाना स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज कराना सुनिश्चित करें। स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज के लिए बच्चे को अपना सिर पूरी तरह से दाई ओर झुकाने को कहें, फिर पूरी तरह बाई ओर झुकवाएं। इस दौरान थोड़ा दर्द हो सकता है, इसलिए इस एक्सरसाइज को आराम से करवाएं। इस एक्सरसाइज को ज्यादा से ज्यादा 20 बार करवाएं।

## मैं प्रियंका की जिंदगी के नए चौप्टर को लेकर काफी खुश हूं : मीरा चोपड़ा

देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा बीते दिनों माँ बनी हैं और वह जबसे मां बनी हैं तब से उन्हें बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ।



आपको बता दें कि नन्हे मेहमान के आगमन से निक और प्रियंका के परिवारवाले काफी खुश हैं। मिली जानकारी के तहत प्रियंका के घर बेटी हुई है। वैसे अदाकारा की मां बनने की खबर पर उनकी कजिन मीरा चोपड़ा ने भी हाल ही में प्रतिक्रिया दी है। मीरा ने कहा कि प्रियंका हमेशा से बच्चे चाहती थीं। उन्होंने बातचीत में कहा– प्रियंका हमेशा से बहुत सारे बच्चे चाहती थी। मैं प्रियंका की जिंदगी के नए चौप्टर को लेकर काफी खुश हूं। वो अपनी बेटी की सुपर मॉम बनने वाली हैं। प्रियंका ने अपनी जिंदगी के हर हिस्से में बेहतरीन किया है। मां बनना उनके पावरफुल व्यक्तित्व का एक्सटेंशन है। हम सभी को प्रियंका पर काफी गर्व है।

आपको बता दें कि प्रियंका के बच्चे के जेंडर पर काफी समय से सस्पेंस बना हुआ था लेकिन इसे उनकी कजिन मीरा चोपड़ा ने खत्म कर दिया है। जी दरअसल अपने बयान में मीरा ने कहा कि प्रियंका चोपड़ा की बेटी हुई है। ऐसा होने से यह तो साफ है एक्ट्रेस के घर नन्ही परी ने जन्म लिया है। जो यकीनन ही अपनी मां की तरह बेहद खूबसूरत होगी।

सामने आने वाली खबरों की मानें तो प्रियंका चोपड़ा की बेटी ने 15 जनवरी को जन्म लिया है। जी हाँ और यह प्री–मैच्योर बेबी है जो डिलीवरी डेट से 12 हफ्ते पहले दुनिया में आई है। अब इस समय प्रियंका की बेटी अस्पताल में डॉक्टर्स की निगरानी में है। आपको बता दें कि अभी प्रियंका चोपड़ा को घर पर अपनी बेटी के स्वागत का इंतजार करना होगा क्योंकि हेल्दी नहीं होने तक प्रियंका अपनी बेटी को घर लेकर नहीं जा सकती हैं।




## अब हिन्दी में आ सकती है महेश बाबू की फिल्म सरका: वारी पाटा



दक्षिण भारतीय फिल्मों का क्रेज उत्तरी भारत के दर्शकों पर इन दिनों सिर चढकर बोल रहा है। बाहुबली, केजीएफ के बाद हिन्दी में आई जय भीम, मरक्कर और हालिया प्रदर्शित अल्लू अर्जुन की पहली पैन इंडिया फिल्म पुष्पाः द राइज को हिन्दी में जो सफलता प्राप्त हुई है उसने दक्षिण भारतीय निर्माता निर्देशकों को अपने सितारों की फिल्मों को हिन्दी में भी प्रदर्शित करने को उत्साहित कर दिया है। यही वजह है कि अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा के बाद उनकी पिछली ब्लॉकबस्टर फिल्म अला वैकुंठपुरमलो को भी हिंदी में डब कर बकायदा सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी की जा रही थी, जिसे अब ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित किया जा रहा है। इतना ही नहीं, इसके साथ ही आरआरआर स्टार राम चरण की पिछली ब्लॉकबस्टर फिल्म रंगास्थलम को भी निर्माता हिन्दी में डब करके सीधा सिनेमाघरों में उतारने जा रहे हैं, जिसकी आधिकारिक घोषणा उन्होंने अभी दो दिन पहले ही की है। ऐसे में अब हिंदी सिने मार्केट में साउथ फिल्म सितारों को बड़ा बाजार दिख रहा है।

इसका फायदा उठाने के लिए कई फिल्म निर्माता अपनी कमर कस रहे हैं। बॉलीवुड के गलियारों में बहती हवाओं का कहना है कि इस सूची में जल्द ही टॉलीवुड में प्रिंस के नाम से ख्यात अभिनेता महेश बाबू भी शामिल होने जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनकी अप्रैल माह में प्रदर्शित होने जा रही फिल्म सरकारू वारी पाटा को भी निर्माता हिंदी में लाने की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए सुपरस्टार महेश बाबू से बातचीत शुरू भी हो चुकी है। फिल्मी गलियारों में काफी बज है कि महेश बाबू स्टारर सरकारू वारी पाटा को मेकर्स हिंदी रिलीज करने की तैयारी में जुट गए हैं। करीबी लोगों का मानना है कि मेकर्स इस फिल्म को हिंदी में रिलीज करने से पहले फिल्म के लिए हिंदी मार्केट में मौजूद बज पर नजर बनाए हुए हैं। अगर पुष्पा की तरह सरकारू वारी पाटा के गाने भी लोगों के दिलों को छूकर उन्हें रील बनाने के लिए एक्साइट कर सकें तो इस फिल्म की हिंदी भाषा में सफलता की गारंटी मिल सकती है।

खास बात यह है कि महेश बाबू का नाम हिंदी दर्शकों के लिए अंजान नहीं है। अल्लू अर्जुन से भी ज्यादा महेश बाबू की फैन फॉलोइंग पहले से ही हिंदी सिने दर्शकों के बीच रही है। इसकी वजह उनकी कई हिंदी डब फिल्मों का टीवी की दुनिया में सुपरहिट रहना है। इसके चलते निर्माताओं को पूरा भरोसा है कि हिन्दी भाषी दर्शक आसानी से महेश बाबू की फिल्म को सीधे सिनेमाघरों में देखने के लिए उत्साहित नजर आएंगे। हालांकि खुद महेश बाबू कई बार यह कह चुके हैं कि उनकी पहली प्राथमिकता तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री है, हिन्दी नहीं। लेकिन अब चूंकि वक्त बदल रहा है। दक्षिण के सितारों को हिन्दी क्षेत्र में जबरदस्त सफलता प्राप्त हो रही है और वो हिन्दी सिने सितारों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं, ऐसे में शायद महेश बाबू भी अपनी सोच बदलें और अपनी फिल्म सरकारू वारी पाटा को हिन्दी में प्रदर्शित करने की हरी झंडी निर्माताओं को दे दें। गौरतलब है कि महेश बाबू की यह फिल्म कोविड के चलते काफी समय से प्रदर्शन की राह देख रही है। बताया जा रहा है कि अब यह फिल्म सम्भवतरू 1 अप्रैल को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी।

## शाहिद के साथ पाठशाला में नजर आ चुकी है श्रद्धा आर्या





टेलीविजन अभिनेत्री श्रद्धा आर्या इन दिनों हर जगह चर्चाओं का विषय बनी हुई है. वह सुर्खियों का भाग बनी हुई हैं. श्रद्धा हाल ही में शादी के बंधन में बंधी हैं और अपने विवाह की फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं. श्रद्धा ने कई टेलीविजन सीरियल्स में काम करती हुई नजर आती है मगर उन्हें असली पहचान शो कुंडली भाग्य से मिली है. इस शो में उनके किरदार प्रीता को बहुत प्यार पाया है. वह इस किरदार के कारण से घर–घर में पहचानी जाती हैं. पर क्या आपको पता है श्रद्धा टीवी की दुनिया में कदम रखने से पहले फिल्मों में अपनी किस्मत आजमा चुकी हैं. जी हां श्रद्धा ने फिल्मों में काम किया है. वह शाहिद कपूर ), अमिताभ बच्चन के साथ काम कर चुकी हैं. श्रद्धा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत तमिल मूवी कालवनी कढ़ली से की थी. जिसके उपरांत उन्होंने कई तमिल और तेलुगु मूवीज में काम किया है. इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड मूवी में कदम रखा था. श्रद्धा ने अमिताभ बच्चन के साथ निशब्द में भी कार्य कर चुकी है. इस फिल्म में उन्होंने ऋतु का किरदार निभाया था. अमिताभ बच्चन के अतिरिक्त श्रद्धा ने शाहिद कपूर के साथ काम किया है. रिपोर्ट्स के अनुसार श्रद्धा आर्या शाहिद कपूर के साथ भी मूवीज में कार्य कर चुकी है. श्रद्धा ने अपनी दूसरी ही मूवी में शाहिद के साथ काम किया था. इस मूवी का नाम पाठशाला था. इस मूवी में उन्होंने नताशा सिंह का किरदार अदा किया था. पाठशाला में शाहिद कपूर, आयशा टाकिया लीड रोल में दिखाई दी थी.

## मुंहासों से छुटकारा दिला सकते हैं ये ग्रीन टी फेस पैक, ऐसे बनाएं और इस्तेमाल करें



अगर आप मुंहासों की समस्या से परेशान हैं तो इनसे छुटकारा दिलाने में ग्रीन टी आपकी काफी मदद कर सकती है। इसका मुख्य कारण यह है कि ग्रीन टी एंटी–माइक्रोबियल, एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटी–ऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा से निकलने वाले सीबम यानी तैलीय प्रभाव के उत्पादन को नियंत्रित करता है। बता दें कि अत्याधिक सीबम का उत्पादन ही मुंहासों की वजह बनता है। आइए आज ग्रीन टी से कुछ फेस पैक बनाने और लगाने के तरीके जानते हैं।

ग्रीन टी और शहद का फेस पैकः सामग्रीः दो चम्मच शहद और एक चम्मच ग्रीन टी वाली चायपत्ती। फेस पैक बनाने और लगाने का तरीकारू सबसे पहले ग्रीन टी वाली चायपत्ती को मिक्सी में अच्छे से पीसकर उसका पाउडर बना दें फिर इसे एक कटोरी में शुद्ध शहद के साथ मिलाएं। अब इसे फेस पैक को अपने पूरे चेहरे पर लगाएं और जब यह पूरी तरह से सूख जाए तो अपने मुंह को ठंडे पानी से धोकर साफ कर लें।

नींबू के रस और ग्रीन टी का फेस पैकः सामग्रीः एक चौथाई कप ग्रीन टी (बिना चीनी के बनी हुई) और एक चम्मच नींबू का रस। फेस पैक बनाने और लगाने का तरीकारू सबसे पहले ग्रीन टी वाले कप में नींबू का रस मिलाकर कुछ मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। इसके बाद अपने चेहरे को साफ पानी से धोकर तौलिये से पोंछ लें। अब रूई की मदद से चेहरे पर ग्रीन टी वाला मिश्रण लगाएं और 10 मिनट के बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो दें। जैतून के तेल और ग्रीन टी का फेस पैकः सामग्रीःएक ग्रीन टी बैग, एक चम्मच शहद और एक छोटी चम्मच जैतून का तेल। फेस पैक बनाने और लगाने का तरीकारू सबसे पहले एक कटोरी में शहद और जैतून के तेल को मिलाकर गुनगुना करें, फिर इसमें ग्रीन टी बैग को काटकर मिलाएं और गैस बंद कर दें। इसके बाद जब मिश्रण ठंडा हो जाए तो इसे अपने चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं और कुछ मिनट के बाद चेहरे को ठंडे पानी से धो लें। ग्रीन टी और दालचीनी का फेस पैकः सामग्रीः दो चम्मच ग्रीन टी का पाउडर और आधी चम्मच दालचीनी का पाउडर। फेस पैक बनाने और लगाने का तरीकारू सबसे पहले एक कटोरी में इन दोनों सामग्रियों को अच्छे से मिला लें, फिर इस मिश्रण को अपने पूरे चेहरे पर अच्छे से लगाकर 15 से 20 मिनट के लिए छोड़ दें। अंत में चेहरे को ठंडे पानी से धोकर तौलिये से पोंछे, फिर चेहरे पर जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर लगाएं।

आप चाहें मुंहासों के लिए किसी भी ग्रीन टी फेस पैक इस्तेमाल करें, लेकिन उससे पहले पैच टेस्ट जरूर करें। इसके लिए थोड़ा फेस पैक कोहनी के पीछे लगाकर कुछ मिनट रूकें और अगर कुछ भी न हो तो इसे अपने चेहरे पर लगाएं।